“अगर आप हार नहीं मानते, तो आपको कोई नहीं हरा सकता।”

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
नये जमाने के साथ..

# यश भारत


• वर्ष- 17 अंक 193- • जबलपुर • रविवार, 13 अगस्त, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • अधिक श्रावण कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत् 2080 शके 1935



आकाश चौपड़ा की मानें... पेज 7

## आज का मौसम

आज सुबह का तापमान



24डिसे

दोपहर 12 बजे तक

29 डिसे

हल्की बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### बंगाल में TMC खूनी खेल खेल रही: पीएम मोदी

**कोलकाता • ईएमएस**
yashbharat.co.in

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्य म में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। क्करूने कहा- बंगाल में पंचायत चुनाव में ज्जस्ष्ट ने खूनी खेल खेला है।मोदी के इस बयान पर ज्जस्ष्ट सुप्रीमो और राज्य की ष्टरू ममता बनर्जी ने कहा - क्करूमणिपुर पर ज्यादा बात नहीं करते हैं। राज्य पिछले 100 दिनों से जल रहा है। अगर प्रधानमंत्री मणिपुर जैसे छोटे राज्य में कानून-व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे, तो वह देश कैसे चलाएंगे।ममता ने इसके बाद कहा- क्करू हर कदम पर बंगाल को बदनाम करते रहते हैं। वो चाहते हैं कि आम लोगों को परेशानी हो। वह भ्रष्टाचार के मुद्दे नहीं उठा सकते क्योंकि वो क्करूकेयर फंड, राफेल डील और नोटबंदी जैसे मुद्दों पर खुद घिरे हुए हैं। आप लोगों को कभी-कभी मूर्ख बना सकते हैं, लेकिन हर समय नहीं। आप अपने ही लोगों के खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं करते, जो महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, पहलवानों पर अत्याचार और मणिपुर में अत्याचार के मामलों में शामिल हैं।

### ज्ञानवापी सर्वे: तहखाने की बारीकी से होगी जांच

**वाराणसी • ईएमएस**
yashbharat.co.in

ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का आज 11वां दिन है। परिसर में तहखाना साफ होने के साथ ही उसकी बारीकी से जांच की जाएगी। बता दें कि, ज्ञानवापी में शनिवार को भी सर्वे जारी रहा। एएसआई की टीम ने लगभग साढ़े सात घंटे तक परिसर के अलग-अलग हिस्से में सर्वे किया। इस बीच शनिवार को पटना से आया एएसआई का एक विशेषज्ञ भी सर्वे में शामिल हुआ। शाम पांच बजे के बाद एएसआई की टीम ज्ञानवापी से बाहर निकल गई। उधर, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि रविवार को सर्वे पूर्व निर्धारित समयानुसार ही होगा। गौरतलब है कि जिला जज की अदालत ने सर्वे के संबंध में वादी-प्रतिवादी व उनके अधिवक्त ाओं के साथ ही एएसआई की टीम और अन्य अधिकारियों को किसी भी प्रकार की जानकारी सार्वजनिक करने पर रोक लगा रखी है। ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम का सर्वे 15 अगस्त को नहीं होगा। स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस-प्रशासन का ध्यान शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर रहेगा।अगले दिन यानी 16 अगस्त से फिर पहले की तरह सर्वे कराया जाएगा।

### म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान अंधाधुंध गोलीबारी, एक की मौत, कई घायल

**वॉशिंगटन • एजेंसी**
yashbharat.co.in

अमेरिका में फिर गोलीबारी की घटना हुई है। इस बार एक रॉक शो में मौजूद लोगों पर गोलियां चलाई गईं, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस को शक है कि आरोपी दो लोग हैं। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना अमेरिका के मिनेयापोलिस की है। जहां शु वार रात को लोगों की भीड़ एक म्यूजिक शो के लिए इकट्ठा हुए थे। इसी दौरान लोगों की भीड़ पर गोलीबारी की गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी दो हैं और वह गोलीबारी के बाद पैदल ही घटनास्थल से फरार हो गए। पुलिस का मानना है कि भीड़ में मौजूद एक व्यक्ति आरोपियों के निशाने पर था। मिनेयापोलिस के पुलिस चीफ ब्रायन ओ हारा ने एक न्यूज कॉन्फ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी। हालांकि पुलिस इस बात की पुष्टि नहीं कर रही है कि आरोपी दो ही थे। अभी जांच जारी है। घटना की सूचना पाकर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां गोली लगने से घायल कई लोग मिले। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कुछ लोग खुद ही अस्पताल पहुंच गए। घटना में मारे गए व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। वहीं घायलों में एक की हालत गंभीर है।

कनाडा में फिर हिंदू मंदिर पर हमला

# खालिस्तानी आतंकियों ने की तोड़फोड़, लगाए पोस्टर

**सरे • एजेंसी**
yashbharat.co.in

कनाडा में एक बार फिर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है। इसके आरोप भी खालिस्तान समर्थकों पर लग रहे हैं क्योंकि मंदिर के गेट पर बीते दिनों मारे गए खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के पोस्टर चिपकाए गए हैं। घटना कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की है।



### लक्ष्मी नारायण मंदिर को बनाया निशाना

जिस मंदिर को निशाना बनाया गया है, वह सरे का लक्ष्मी नारायण मंदिर है। यह ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत का सबसे पुराना और सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। मंदिर के गेट पर खालिस्तान जनमत संग्रह के पोस्टर लगा दिए गए हैं, जिन पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की भी तस्वीर लगी है। पोस्टर में लिखा गया कि च्कनाडा 18 जून की हत्या की घटना में भारत की भूमिका की जांच कर रहा है।

### हरदीप सिंह निज्जर की हुई थी हत्या

बता दें कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर, सरे के गुरुनानक सिख गुरुद्वारा साहिब का प्रमुख था। 18 जून की शाम गुरुद्वारा परिसर में ही दो अज्ञात बंदूकधारियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। हरदीप सिंह निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख था। बता दें कि कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हमले की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इस साल ही यह हिंदू मंदिर पर हमले की तीसरी घटना है। इससे पहले 31 जनवरी को कनाडा के ब्रैम्पटन इलाके में एक मशहूर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया था और उस पर भारत विरोधी नारे लिख दिए गए थे। इस पर कनाडा में रहने वाले भारतीय समुदाय ने आपत्ति भी जताई थी। ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने भी इस घटना की निंदा की थी। इसके बाद अप्रैल में कनाडा के ओंटारियों में एक हिंदू मंदिर पर हमला किया गया। इनके आरोप भी खालिस्तान समर्थकों पर लगे थे। कनाडा स्थित भारतीय दूतावास ने भी इसे लेकर आपत्ति जताई थी।

हिमाचल में लगातार बारिश से भारी तबाही

## शिमला-धर्मशाला हाईवे धंसा, चपेट में आए 2 ट्रक, मकान गिरा, चंडीगढ़-मनाली हाइवे भी बंद

**शिमला • ईएमएस**
yashbharat.co.in



हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है. लगातार बारिश से हालात चिंताजनक हैं. प्रदेश के मंडी जिले सहित कई इलाकों में शनिवार रात से बारिश हो रही है. रविवार की सुबह की भी शुरुआत बारिश के साथ हुई है. चंडीगढ़-मनाली हाईवे पूरी तरह से बंद है. कालका शिमला हाईवे पर रात को 12 बजे लैंडस्लाइड हुई थी, लेकिन अब इस हाईवे को चक्की मोड़ पर एकतरफा खोला गया है. फिलहाल, मौसम विभाग ने रविवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.उधर, शिमला-धर्मशाला हाईवे 205 बंद हो गया है. बिलासपुर में शिमला की तरफ दगसेच मंदिर के पास पूरी पहाड़ी भारी वर्षा के कारण बैठ गई और इसमें चार-पांच लोगों के मकान चपेट में आए हैं. साथ ही 2 ट्रक, एक कार को नुकसान पहुंचने की भी सूचना है. पालमपुर में बारिश के चलते कई पेड़ गिरे हैं. फिलहाल, रविवार सुबह नुकसान की खबरें सामने आने लगी हैं. हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सुंदरनगर में बाढ़ जैसे हालात हैं. यहां पर सुकेती खड्ड का पानी फोरेलन पर बहने लगा है. शनिवार को नैरचौक सहित बल्ह के कई इलाके जलमग्न हो गए. लगातार बारिश से यहां पर जनजीवन अस्तव्यस्त है.मंडी जिला में बीती रात से हो रही भारी बारिश के कारण चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे भीषण लैंडस्लाईड के कारण बंद हो गया है. इस बार हाईवे 6 मील के अलावा 4 मील के पास भी बंद हुआ है. 4 मील के पास पहाड़ी का बहुत बड़ा हिस्सा दरक कर हाईवे पर आ गिरा है. इसका लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसका भयानक मंजर डरा देने वाला है. वैसे भी हाईवे दिन भर यातायात के लिए बहाल नहीं हो पाया. वहीं, दूसरी तरफ से गोहर-चैलचौक और कमांद-कटौला मार्ग भी बंद रहे, जिसके चलते कुल्लू-मनाली के लिए आवाजाही पूरी तरह से ठप्प रही. शनिवार दोपहर बाद यह दोनों संपर्क मार्ग यातायात के लिए बहाल कर दिए गए. कमांद-कटौला मार्ग पर छोटे वाहनों को ही भेजा जा रहा है और यह भी बार-बार बंद हो रहा है. इसके चलते मशीनरी को मौके पर तैनात करके रखा गया है, ताकि मलबा आते ही उसे हटाकर हाईवे को बहाल कर दिया जाए।

## पलवल में हिंदू संगठनों की महापंचायत आज

### शोभा यात्रा दोबारा निकालने पर होगा फैसला

**पलवल • ईएमएस**
yashbharat.co.in

हरियाणा के नूंह में बीते दिनों हुई हिंसा के खिलाफ हिंदू महासंगठनों ने एक बार फिर महापंचायत बुलाई है। महापंचायत नूंह के बजाए पलवल के पोंडी गांव में हो रही है। नूंह में आज तक तक धारा 144 लगी है, जबकि यह गांव इस दायरे से बाहर है। यही कारण है कि यहां महापंचायत बुलाई गई है। यहां हरियाणा के विभिन्न जिलों के साथ ही देशभर से लोगों से जुटने का दावा किया गया है। महापंचायत को देखते हुए प्रशासन अलर्ट पर है। सुरक्षा के भारी बंदोबस्त किए गए हैं। वहीं हिंदू नेताओं का कहना है कि महापंचायत में हिंदुओं पर हुए अत्याचार पर चर्चा होगी।साथ ही इस बात पर मंथन किया जाएगा कि क्या शोभा यात्रा फिर निकाली जाए। यदि हां तो कब और कैसे इसका आयोजन किया जाएगा।नूंह हिंसा के खिलाफ पूरे हरियाणा में प्रदर्शन हो रहे हैं। शनिवार को हरियाणा के सोनीपत में कुछ हिंदू संगठनों के सदस्यों ने 31 जुलाई को नूंह जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा के विरोध में रैली आयोजित की और हनुमान चालीसा का पाठ किया। लोगों का एक समूह कुंडली के पियाउ मनियारी इलाके में इकट्ठा हुआ और खुले आसमान के नीचे हनुमान चालीसा का पाठ किया।



## डॉक्टर डाल लें जेनरिक दवाएं लिखने की आदत वरना बढ़ेगी मुश्किल

**नई दिल्ली • एजेंसी**
yashbharat.co.in

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने नए नियम जारी कर कहा है कि सभी चिकित्सक जेनेरिक दवाएं ही लिखें। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। आयोग के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई के तहत एक तय समय तक लाइसेंस भी निलंबित किया जा सकता है। एनएमसी ने अपने 'पंजीकृत चिकित्सकों के लिए पेशेवर आचार संबंधी नियमन' में चिकित्सकों से कहा है कि वे ब्रांडेड जेनेरिक दवाएं भी लिखने से बचें।भारतीय चिकित्सा परिषद की ओर से 2002 में जारी किए गए नियमों के अनुरूप मौजूदा समय में भी चिकित्सकों के लिए जेनेरिक दवाएं लिखना आवश्यक है। हालांकि इसमें दंडात्मक कार्रवाई का उल्लेख नहीं था।एनएमसी की ओर से दो अगस्त को अधिसूचित नियमों में कहा गया कि भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा पर होने वाले व्यय का बड़ा हिस्सा दवाओं पर खर्च कर रहा है।इसमें में कहा, 'जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले 30 से 80 प्रतिशत सस्ती है। इसलिए जेनेरिक दवाएं लिखने से स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में कमी आएगी और स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।'एनएमसी ने जेनेरिक दवा और प्रस्क्रिप्शन दिशानिर्देश नियमन में जेनेरिक दवाओं को परिभाषित किया, 'वे दवाएं जो ब्रांडेड/ संदर्भित सूचीबद्ध उत्पाद से खुराक, प्रभाव, खाने के तरीके, गुणवत्ता और प्रदर्शन में समतुल्य हैं।'दूसरी ओर ब्रांडेड जेनेरिक दवाएं वे हैं जिनकी पेटेंट अवधि समाप्त हो गई है और दवा कंपनियां उनका उत्पादन और विपणन दूसरे ब्रांड से करती हैं। ये दवाएं ब्रांडेड पेटेंट दवाओं के मुकाबले सस्ती हो सकती हैं लेकिन जेनेरिक संस्करण के मुकाबले महंगी होती हैं। ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं की कीमतों पर कम नियमन नियंत्रण होता है। एनएमसी नियमन में कहा गया, 'प्रत्येक पंजीकृत डॉक्टर को दवाएं जेनेरिक नाम से और तार्किक तौर पर लिखनी चाहिए...।' एनएमसी ने कहा कि इस नियम का उल्लंघन होने पर डॉक्टर को नियमन के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी जा सकती है या नैतिकता, व्यक्तिगत और सामाजिक संबंध या पेशेवर प्रशिक्षण को लेकर कार्यशाला या शैक्षणिक कार्यक्रम में शामिल होने का निर्देश दिया जा सकता है। नियमन के मुताबिक बार-बार उल्लंघन होने पर डॉक्टर का निश्चित अवधि के लिए लाइसेंस रद्द किया जा सकता है।

## भोपाल में बालिका गृह की 11 किशोरियां अचानक हुईं बीमार, अस्पताल में कराया भर्ती

**भोपाल • यशभारत**
yashbharat.co.in

नेहरू नगर स्थित किशोर बालिका गृह की 11 किशोरियां शनिवार रात 11 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक बीमार हो गईं। लगातार उल्टियां और पेट दर्द की शिकायत के बाद सभी को जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक पीड़त बालिकाओं की हालत खतरे से बाहर है। मामले की जांच की जा रही है। कमला नगर थाने के एसआइ मिथिलेश भारद्वाज ने बताया कि रात 11 बजे नेहरू नगर बालिका गृह की 11 किशोरियां बीमार हालत में जेपी अस्पताल पहुंची थीं। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस पहुंची। पूछताछ में पता चला कि रात को छात्रावास में खाना खाने के बाद सभी ने पानी पिया। उसके बाद अचानक पेट में दर्द होने के साथ उल्टियां होने लगी थी।उपचार शुरू होने के बाद सभी की हालत में सुधार हैं।

इंदौर शहर में माब लिचिंग की घटना

## चोरी के दो आरोपितों को पेड़ से बांधा, पाइप से पीटा, बाल भी काटे

**इंदौर • एजेंसी**
yashbharat.co.in



इंदौर शहर में माब लिचिंग की घटना सामने आई है। भीड़ ने चोरी के दो आरोपितों की सामूहिक पिटाई की है। उन्हें पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा गया है। पिटाई से मन नहीं भरा तो उनके बाल भी कटवा दिए। घटना का वीडियो सामने आते ही अफसर हरकत में आए और देर रात दोनों पक्षों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की। पूरे मामले में तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है। घटना राजेंद्रनगर थाना क्षेत्र स्थित सिल्वर स्टार सिटी (सिलिकान सिटी के पास) की है। कुंदननगर (द्वारकापुरी) निवासी कुणाल प्यारेलाल और संतोष सरदार निर्माणाधीन मकान में चोरी करने गए थे। दोपहर को लोगों ने केबल वायर काटते हुए पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने दोनों कालोनी में ही एक पेड़ से बांध दिया। लोगों ने पाइप और डंडे पीट-पीट कर घायल कर दिया। एक सलून संचालक को बुलाया और दोनों के बाल कटवा दिए।

### बंधक बनाने वालों पर भी एफआइआर दर्ज

भीड़ ने कुणाल के फोन से उसके दोस्त रजत को भी बुलाया और उसकी भी पिटाई की। रजत से कुणाल व संतोष की पिटाई करवाई। पूरी घटना पुलिसकर्मियों के सामने हुई। पुलिस ने रात में संतोष बामनिया की शिकायत पर उन लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की जिन्होंने बंधक बना कर पीटा था। जबकि ठेकेदार राहुल मेहरा की शिकायत पर संतोष और कुणाल पर चोरी का केस दर्ज किया। देर रात तीन लोगों को हिरासत में ले लिया।उनमें बाल काटने वाला सलून संचालक भी शामिल है।

### सिलिकान सिटी में रोज चोरी कर रहे थे आरोपित

पुलिस ने राहुल पुत्र श्यामलाल मेहरा को फरियादी बनाया है। राहुल ने बताया उसकी सिल्वर स्टार सिटी में काम चल रहा है।दोपहर को गगन चौहान सीढ़ी लेने गया था।दोनों आरोपितों को चोरी करते हुए देखा तो काल कर गगन ने उसको बुलाया। आरोपित बाइक लेकर भागने लगे लेकिन पकड़ लिया। आरोपितों ने चोरी कबूल कर ली।मौके से तार काटने के औजार और कटे हुए तार मिल गए।थोड़ी देर में भीड़ एकत्र हो गई और आरोपितों को पेड़ से बांध दिया।

### मारपीट करने वाले आरोपित चिह्नित

चोरी करते पकड़े जाने पर भीड़ ने पिटाई की है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर दी। वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपितों को चिह्नित कर लिया है। बाल काटने वाले युवक को हिरासत में लिया है।

**सियाराम गुर्जर टीआइ राजेंद्रनगर**

## संसद लोकतंत्र का एक बड़ा मंदिर: तन्खा

### ट्वीट कर संसद की कार्यप्रणाली पर साधा निशाना



**जबलपुर • यशभारत**
yashbharat.co.in

संसद लोकतंत्र का एक बड़ा मंदिर है और न्यायालय न्याय और इंसाफ का मंदिर है। दोनों के नियमों और कार्यशैली में अंतर है। न्यायालय में हम अपने पक्षकार के लिए इंसाफ पाने की प्रक्रिया पर काम करते हैं। और संसद में हम कानून बनाने पर चर्चा करते हैं। यह बात राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा ने एक ट्वीट के माध्यम से कही। उन्होंने कहा कि देश के ज्वलंत और ऐसे विषय जो भविष्य में देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए समस्या बन सकते हैं। इन विषयों पर हम संसद में चर्चा करते हैं। देश की करोड़ों जनता की जरूरतों और उनकी परेशानियों के अनुसार ही कानून निर्माण की दिशा में देश विरोधी करार देने का चलन हमारी परिचर्चा होती है और इसी दिशा में संसद अपने निर्णय लेती है। अगर संसद में सख्त चर्चा नहीं होगी और कानून पर कानून के बिल पास होते जाएंगे तो हम इस प्रजातंत्र को क्या कहेंगे। यह मानता हूं कि संसदीय कार्यप्रणाली में गतिशीलता होनी चाहिए क्योंकि इसके बिना देश के ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो पाना संभव नहीं है।

### यूके भी करता है अनुसरण

श्री तन्खा ने कहा कि एक मत न हो पाना, कार्यप्रणाली में रुकावट पैदा होना, यह हमारी गतिशीलता को रोक रहा है और इसे हमें असफलता के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम देश की आम जनता को समय पर न्याय नहीं दे पा रहे हैं। यह हमारी वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती कार्यप्रणाली के दौरान संसद सदस्यों का किसी भी विषय पर है। वर्तमान में सत्ता पक्ष का जो भी विरोध कर रहा है या उनकी नीतियों से असहमत होकर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है उसे देशद्रोही और देश विरोधी करार देने का चलन चल पड़ा है। सांसद श्री तन्खा ने राज्यसभा में अपने भाषण में कहा कि संसदीय कार्यप्रणाली में राजनीतिक हस्तक्षेप से होने से वाली रुकावट हमारे लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी असफलता के रूप में पूरे देश में देखा जा रहा है। श्री तन्खा ने आगे कहा कि संसदीय कार्य प्रणाली की जो हमारी व्यवस्था है उस पर भारत के साथ यूनाईटेड किंगडम भी अपनी संसदीय कार्यप्रणाली का पालन करता है, लेकिन जब बार- बार वहां भी संसदीय कार्यप्रणाली के संचालन में रुकावट आने लगी तो उन्होंने इस समस्या के हल के रूप में यह तय किया कि सत्र के दौरान 1 दिन विपक्ष के लिए रहेगा। इस दौरान विपक्ष पूरी तरह से जनता से जुड़ी समस्याओं को खुलकर सदन के सामने रख सकेगा। भविष्य में हमें भी ऐसा ही करना होगा। उन्होंने कहा कि मानसून का यह सत्र अधिकांश रूप से मणिपुर हिंसा पर ही हुई चर्चा पर केन्द्रित रहा। वहां पर जान गंवाने वाले लोग भारत के ही थे। उनके साथ हो रहे अन्याय के लिए इतिहास हमें कभी माफ नहीं करेगा।

मामा की पाठशाला | मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान, विद्यार्थियों के प्रश्नों के दिए उत्तर

## प्रत्येक विद्यार्थी एक नया इतिहास रच सकता है :मुख्यमंत्री

**भोपाल • यशभारत**
yashbharat.co.in



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी एक नया इतिहास रच सकता है। अपना लक्ष्य तय कर संकल्प शक्ति के साथ कार्य करने से सफलता जरूर मिलती है। दुनिया में कोई भी काम असंभव नहीं है, जो हम नहीं कर सकते हैं। अपने देश और समाज के लिए कार्य करने में ही जीवन की सार्थकता है। जीवन कुछ कर गुजरने के लिए है। इसलिए दूसरों की भलाई के लिए कार्य करते रहना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज रविन्द्र भवन में एक टीवी न्यूज चेनल द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मामा की पाठशाला के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग और चेनल के चेयरमेन श्री सुरेश गोयल, अन्य पदाधिकारी और प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान से एक छात्रा द्वारा पूछा गया कि आपकी सफलता का मंत्र क्या ? इस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उत्तर दिया कि लक्ष्य तय कर योजनाबद्ध तरीके से ज़िद और जुनून के साथ कार्य करने से सफलता मिलती है। सफलता के लिए अनुशासन, अच्छा स्वास्थ्य और ध्यान भी जरूरी है। अहंकार को त्याग कर धैर्य और उत्साह से कार्य करें तो कोई भी काम असंभव नहीं है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के कथन च्तुम केवल साढ़े तीन हाथ के हाड़-मास के पुतले नहीं हो, अनंत शक्तियों का भण्डार हो को याद दिलाते हुए कार्य करने की समझाइश दी। एक छात्रा द्वारा पूछा गया कि आप बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं देते हैं? इस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता केवल प्रलोभन है। चिड़िया अपने बच्चों को घोंसला नहीं देती है, पंख देती है, ताकि वह ऊंची उड़ान भर सकें। इसलिए हमने मुख्यमंत्री सीखो और कमाओ योजना बनाई है। इसे हम 15 अगस्त के बाद शुरू करने जा रहे हैं। योजना में काम सीखने के दौरान स्टाइपेंड देने की भी व्यवस्था की गई है। एक छात्रा ने अपना सवाल पूछते हुए कहा कि मामा जी आपके द्वारा बहुत सी योजनाएँ भांजे- भांजियों के हित में चलाई गई हैं। आगे हमारे लिए क्या करेंगे? मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बच्चों में क्षमता है तो पैसा उनकी प्रगति में बाधा बनकर नहीं आए इस लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना बनाई गई है। योजना के तहत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईआईटी, कानून की पढ़ाई सहित उच्चशिक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा उनकी फीस भरी जा रही है। उन्होंने कहा कि भाषा का विद्वता से कोई संबंध नहीं होता है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में कराई जा रही है। बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा नहीं आए इस लिए अपने स्कूल की 12वीं कक्षा में अव्वल आने वाले छात्रों को स्कूटर और छात्राओं को स्कूटी देने की योजना बनाई गई है। प्रदेश में भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और रीवा में ग्लोबल स्किल पार्क प्रारंभ कराए जाएंगे, ताकि विद्यार्थी कौशल प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार से भी जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्यार्थियों के द्वारा किए जाने वाले नवाचारों के लिए 100 करोड़ रुपये के फंड की व्यवस्था की गई है।

## राहुल गांधी के वायनाड दौरे का दूसरा दिन: आम लोगों से मुलाकात

**वायनाड • एजेंसी**
yashbharat.co.in



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड दौरे का आज दूसरा दिन है। वे अपने संसदीय क्षेत्र में आम लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। शाम को कोझिकोड जिल के कोडानचेरी में सामुदायिक विकलांगता प्रबधन केंद्र की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद दिल्ली के लिए रवाना होंगे।राहुल शनिवार 12 अगस्त को दो दिन के दौरे पर वायनाड पहुंचे थे। सांसदी बहाल होने के बाद अपने संसदीय क्षेत्र में यह उनका पहला दौरा है।कांग्रेस नेता ने शनिवार को वायनाड के कलपेट्टा में एक जनसभा की थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी राष्ट्रवादी नहीं है। संसद में मणिपुर के मुद्दे पर बात करते हुए हंस रहे थे। मैंने संसद में कहा- बीजेपी ने मणिपुर में आइडिया ऑफ इंडिया की हत्या की है। मणिपुर में भारत माता की हत्या की है। पीएम ने संसद में 2 घंटे 37 मिनट की स्पीच दी, लेकिन आपने भारत माता की हत्या पर दो मिनट भी बात नहीं कही। आपकी हिम्मत कैसे हुई ऐसा करने की। आप ये क्यों कर रहे हैं। आप चार महीने से वहां क्यों नहीं गए क्योंकि आप राष्ट्रवादी नहीं है। इंडिया के आइडिया की हत्या करने वाला राष्ट्रवादी नहीं हो सकता। राहुल ने कहा कि सोचिए अगर कोई परिवार को अलग करने का प्रयास करे। दो भाइयों को अलग करे। बेटी को पिता को अलग करे। अगर कोई परिवार को अलग करने का प्रयास करेगा तो परिवार और मजबूत होगा, लेकिन बीजेपी और ञ्जस्स् को नहीं पता कि परिवार क्या होता है। उन्हें लगता है कि अगर वे राहुल गांधी को संसद से बाहर कर देंगे तो वे वायनाड से दूर हो जाएंगे।

## » न्यूज गैलरी

### पकड़े जाने पर मंदिर समिति भेजेगी पुलिस के पास

जबलपुर,यशभारत। पचमठा मंदिर अधारताल के पास उद्यान में अनैतिक क्रिया करते पाए जाने पर लड़के-लड़कियों को पुलिस के पास भेजा जाएगा। पचमठा महालक्ष्मी मंदिर, अधारताल के पंडित कपिल गर्ग ने बताया कि पचमठा मंदिर अधारताल में स्थित मंदिर परिसर में बने उद्यान में इन दिनों लड़के-लड़कियां काफी सक्रिय हुए है जिससे वातावरण दूषित हो रहा है। मंदिर समिति ने निर्णय लिया है कि ऐसा पाए जाने पर लड़के और लड़कियों को पकड़कर पुलिस के पास भेजा जाएगा व उनके माता-पिता को भी सूचना दी जाएगी।

स्वास्थ्य परीक्षण के साथ दिया स्वास्थ्य संबंधी परामर्श

### आजादी के अमृत महोत्सव श्रंखला में ओएफके में आयोजन

जबलपुर यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पूरे वर्ष जारी आयोजनों की श्रृंखला में म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड महिला कल्याण समिति शाखा खमरिया एवं बेस्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जबलपुर के तत्वावधान मे ओएफके हॉस्पिटल मे चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे न्यूरोलॉजिस्ट, मेडीसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ एवं शिशु रोग विशेषज्ञों ने निर्माणी के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों का चिकित्सीय परीक्षण, ,परामर्श देते हुए दवाईयां वितरित कीं गईं। इस अवसर पर म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड महिला कल्याण समिति शाखा खमरिया की अध्यक्षा इंद्राणी हालदार, डॉ. श्वेता पुरवार, दीपा गुप्ता, ज्योति सलाठिया महाप्रबंधक एम एन हालदार, अपर महाप्रबंधक विकास पुरवार, आर के गुप्ता, सी.एम.ओ. डॉ. टी. के. विश्वास, दुर्गेश के सहित यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भगवान भोलेनाथ का अभिषेक



जबलपुर, यशभारत। संम्पूर्ण ब्राह्मण मंच के द्वारा भगवान भोलेनाथ का उप नगरीय क्षेत्र महाराजपुर में अभिषेक किया गया। मंच की सुधा रावेन्द्र तिवारी, रेनू मिश्रा ,सरिता दुबे ,सपना दुबे ,साधना मिश्रा की उपस्थिति में अभिषेक उपरांत कन्या पूजन प्रसाद वितरण किया गया।

### छठवें यूजीसी वेतनमान देने के संबंध में प्राध्यापक संघ ने उठाई आवाज

जबलपुर, यशभारत। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ जबलपुर संभाग जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष डॉ. अरुण शुक्ल , जिला अध्यक्ष डॉ. टी. आर. नायडू, डॉ. शिवकुमार दुबे , डॉ. मोहन यादव, मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन को प्राध्यापकों के छटवें यूजीसी वेतनमान दिये जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया।

स्वतंत्रता दिवस पर सामान्य सजा काट रहे 4 अन्य कैदियों की भी होगी रिहाई

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे 12 कैदी होंगे रिहा

**जबलपुर। स्वतंत्रता दिवस का दिन वैसे तो हर हिंदुस्तानी के लिए खास दिन होता है लेकिन ऐसे में यह दिन उन लोगों के लिए और विशेष बन जाता है जो लोग अच्छा आचरण करते हुए जेल की चार दीवारों में कैद होकर सिर्फ स्वतंत्रता दिवस के दिन का इंतजार करते हैं कि इस दिन वे इस कैद से मुक्त होंगे और अपनों के बीच जाकर फिर से रहेंगे।**



इस बार भी शासन एवं जेल मुख्यालय के निर्देश पर केंद्रीय जेल प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दिन कुल 16 कैदियों को रिहा किया जा रहा है। अपनी रिहाई की खबर पाकर इन भी कैदियों में खुशी की लहर है। जानकारी के अनुसार रिहा होने वाले कैदियों में 16 कैदी ऐसे हैं जो आजीवन कारावास की सजा काटते रहे हैं और 4 ऐसे कैदी हैं जो सामान्य सजा के कैदी हैं। इन सभी कैदियों को अच्छे आचरण के कारण शासन के निर्देश के बाद 15 अगस्त की सुबह 10 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल से रिहा किया जा रहा है। विदित हो कि जेल प्रशासन द्वारा जेल मुख्यालय व शासन को उन कैदियों की सूची हर वर्ष बनाकर भेजी जाती है जिनका जेल में आचरण अच्छा रहता है फिर शासन द्वारा कैदियों की रिहाई पर मुहर लगा दी जाती है और फिर कैदी रिहाई के बाद अपनों के बीच होते हैं। जानकारी के अनुसार रिहा होने वाले कैदियों में रोहणी गोंड, रसीदा बी, संतो बाई उर्फ केशकली, सम्पत झारिया, बिहारी लाल साहू, रज्जन बर्मन, निर्मलचंद, बुद्ध सिंह, अनंतराम, अब्दुल, इमरान व सुंदर गोंड शामिल हैं जिनकी रिहाई की अनुशंसा की गई थी।

> –आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर सामान्य सजा के 4 कैदियों और स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आजीवन कारावास की सजा काट रहे 12 कैदियों को 15 अगस्त की सुबह रिहा किया जा रहा है।
>
> **—मदन कमलेश, उप जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल जबलपुर।**



# स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल में दिखा उत्साह

## पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में पुलिस कर्मियों ने किया मार्च पास्ट



जबलपुर,यशभारत। पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह में होने वाली मार्च पास्ट, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रविवार सुबह फाइनल रिहर्सल की गई । इस दौरान एसपी तुषारकांत विद्यार्थी, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, जिला पंचायत सीईओ ] नगर निगम कमिश्नर स्वप्निल वानखडे मुख्य रूप से मौजूद रहे । रिहर्सल के दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा मार्च पास्ट परेड की गई और साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने अहम भूमिका निभाई।

## सेंट्रल एल.ई.डी लाईटिंग से अधारताल से महाराजपुर तक की सड़क दूधिया रोशनी से जगमगाई



जबलपुर,यशभारत। स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा आधारताल से महाराजपुर तक 4.4 किलोमीटर की फोरलेन सीमेंट सड़क रोड़ का निर्माण किया गया है, इसके साथ ही फुटपाथ का निर्माण एवं लैंडस्कैपिंग का कार्य भी किया गया है। इस रोड़ में सेंटर लाइटिंग भी की गई है जिससे रात के वक्त पूरी रोड दूधिया रोशनी से चमक उठी है। यह रोड़ 20 मीटर चौड़ी है, जो की लगभग 24 करोड़ की लागत से बनी है, इसके साथ ही साथ महाराजपुर जंक्शन का विकास भी किया जा रहा है जिससे की शहर के एंट्री पॉइंट के ट्रैफिक को भी सुगम एवं आकर्षक बनाया जा सके। पूरे शहर के लिए यह रोड़ मील का पत्थर साबित होगी। स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा शहर की मुख्य सड़को को नया रूप देने का प्रयास लगातार जारी है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में जबलपुर को शीर्ष पर लाने किए जा रहे प्रयास

जबलपुर,यशभारत। जबलपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में शीर्ष स्थान पर लाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में शहर की स्वच्छता की स्थिति की रैंकिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस प्रक्रिया का अभिन्न भाग सिटीजन फीडबैक है। इस फीडबैक के लिए नगर निगम द्वारा सभी नागरिकों से अपील की जा रही है कि अधिक से अधिक संख्या में शहर की स्वच्छता में परिलक्षित सुधार पर अपना अभिमत दें। नगर निगम द्वारा अधिकृत सर्वे दल विभिन्न स्थानों पर जाकर फीडबैक ले रहे हैं ।

## खंडेलवाल परिवार ने भरा अंगदान- देहदान का संकल्प पत्र



**जबलपुर, यशभारत।** गीता देवी खंडेलवाल सहित खंडेलवाल परिवार ने कलेक्ट्रेट में अंगदान/ देहदान का संकल्प पत्र भर दिया है। परिजनों ने कहा कि हम जीते-जी रक्तदान करेंगे और मृत्यु के उपरांत अंगों का दान करने के बाद हमारा शरीर मेडिकल कॉलेज के छात्रों के प्रायोगिक अध्ययन के लिए दे दिया जायेगा। स्व.बनवारीलाल जी खंडेलवाल ने भी नेत्रदान का संकल्प लिया था।आज उनकी आंखों से दो बच्चियों की दुनिया रोशन है।



## स्वाधीनता दिवस पर निकलेगी ओंकार तिरंगा यात्रा

जबलपुर,यशभारत। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर ओंकार महाराज की गद्दी, छोटे फुहारा से एक विशाल तिरंगा यात्रा क्षेत्रीय युवाओं द्वारा निकाली जाएगी। इसी परिपेक्ष में एक बैठक का आयोजन आलोक ओंकार तिवारी के नेतृत्व में महाराज की गद्दी में हुआ, जिसमें निर्णय लिया गया कि विशाल वाहन तिरंगा यात्रा का आयोजन महाराज की गद्दी से सुबह 11 बजे मुख्य मार्ग छोटा फुहारा, अंधेर देव, तुलाराम चौक से होते हुए नोदरब्रिज, नगर निगम चौक, मालवीय चौक, शहीद स्मारक रानीताल से मेहता पेट्रोल पंप, एमआर 4, दीनदयाल चौक होते हुए दमोह नाका में संपन्न होगी। बैठक में अनिल तिवारी, आलोक तिवारी, अनूप तिवारी, एडवोकेट आशीष त्रिवेदी, एडवोकेट शुभम मिश्रा, लालू ताम्रकार, मयूर ताम्रकार, आस्तिक तिवारी, आयुष तिवारी, राहुल गोयल, हर्ष तिवारी, अभिषेक पांडे, हर्षित तिवारी, महेश खमरिया, जीडी बैरागी समेत अन्य उपस्थित रहे।

**आलोक तिवारी के नेतृत्व में हुई बैठक**

# मेट्रो हार्ट हॉस्पिटल ने स्थापित किया नया कीर्तिमान

**जबलपुर यश भारत । चिकित्सा जगत के क्षेत्र में महाकोशल में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए बड़ेरिया मेट्रोप्राइम हॉस्पिटल में ओपन हार्ट का सबसे बड़ा ऑपरेशन बेंटल सफलतापूर्वक किया गया है। मेट्रो हार्ट सेंटर के कार्डियक सर्जन डॉक्टर सुदीप चौधरी और उनकी टीम ने कार्डिवस्कुलर सर्जरी का सबसे जटिल बेंटल सर्जरी कर मरीज संजीव कुमार सेन को नया जीवन दिया।**



## बड़ेरिया मेट्रोप्राइम में हुई ओपन हार्ट बेंटल सर्जरी

मेट्रोप्राइम हॉस्पिटल के कार्डियक सर्जन डॉक्टर सुदीप ने बताया कि मरीज संजीव कुमार सेन को हृदय की मुख्य धमनी ( महाधमनी ) में सूजन आ गयी थी, और उससे सम्बंधित वाल्व भी ठीक से काम नहीं कर रहा था जिसकी वजह से मरीज की सांस फूल रही थी व धमनी फटने पर जीवन का खतरा बना हुआ था । महाधमनी शरीर में हृदय की सबसे बड़ी धमनी होती है, जो हृदय में बायें भाग से प्रारम्भ होती है, और इसी धमनी के द्वारा पूरे शरीर में ऑक्सीजन की सप्लाई होती है, वाल्व में खराबी और दबाव की वजह से मरीज के इसी धमनी का एक हिस्सा फूल गया था, और वह हिस्सा पतला पड़ जाता है जिससे कभी भी फट जाता है, जिससे जीवन का बचना नामुमकिन हो जाता है।इस धमनी को और वाल्व को साथ में ठीक करने के उपाय को ही बेंटल सर्जरी कहते हैं, जो कि हृदय के ऑपरेशन की सबसे जटिल प्रक्रिया है, जिससे हृदय की मुख्य धमनी और दोनों छोर की धमनी को अलग करके बटन बनाकर कृत्रिम कंजूट डाला गया और नया वाल्व भी लगाया गया। लगभग 10-11 घंटो के सफल ऑपरेशन के बाद 5 वे दिन मरीज को स्वस्थ हालत में छुट्टी दे दी गयी, इस ऑपरेशन में निश्चेतना डॉक्टर सुनील जैन द्वारा दी गयी।डॉक्टर ने बताया की एओर्टिक एन्यूरिज्म (महाधमनी विच्छेदन) हमेशा जीवन के खतरे वाला होता है इसलिए स्थिति की गंभीरता को देखते हुए और मरीज का जीवन बचाने के लिए बेंटल सर्जरी ही एक मात्र विकल्प था ।

### 1 हजार से अधिक ओपन हार्ट सर्जरी

2016 में विभाग शुरू होने के बाद से मेट्रो हार्ट सेंटर में अब तक 1058 हृदय संबंधी सर्जरी की जा चुकी हैं। अस्पताल नियमित रूप से मध्यभारत के जिलों में निःशुल्क हृदय जांच शिविर आयोजित करता है एवं 1 माह से 18 वर्ष तक के बच्चों का जन्मजात हृदय की बीमारी का निःशुल्क ऑपरेशन भी करता है ।

### खो दी थी जीवन की उम्मीद

मरीज ने डॉक्टरों की टीम के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया, मरीज का कहना है कि उसने जीवित रहने की सारी उम्मीदें खो दी थीं, वह सांस फूलने की तकलीफ से परेशान था, लेकिन मेट्रोप्राइम के डॉक्टरों ने आत्मविश्वास और आशा दी उनकी इसी मेहनत ने जीवनदान दिया।

# स्टेम फील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजयनगर में धूमधाम से मनाया गया पिता दिवस



जबलपुर,यशभारत। स्टेम फील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजयनगर में पिता दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट डॉक्टर प्रशांत मिश्रा संस्थापक महाकोशल क्रीड़ा परिषद् एवं प्रशांत जैन डायरेक्टर ऑफ़ गन फॉर गैलरी जबलपुर सादर आमंत्रित थे। समारोह का प्रारंभ सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ किया गया, एवं बच्चों द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। समारोह में शामिल पिताओं द्वारा कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया। जिसमें उन्होंने अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस समारोह में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल थे - फुटबॉल, रेस 100 मीटर 200 मीटर , रिले आदि। विजेताओं को पदक एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्टेमफील्ड संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर पर्व जायसवाल , डायरेक्टर सुप्रिया जायसवाल एवं स्टेम फील्ड नेशनल स्कूल विजयनगर की प्रधानाचार्य मनमीत कोहली ने अभिभावकों का धन्यवाद किया। उनके द्वारा यह आश्वस्त किया गया की आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन हमारी संस्था द्वारा किया जाता रहेगा।

# प्रशासनिक स्थानांतरण के नाम पर हो रहा भ्रष्टाचार

## कर्मचारी संघ ने शिक्षा मंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** प्रदेश में प्रशासनिक स्थानांतरण के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है। म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर द्वारा नियम विरुद्ध स्वैच्छाचारिता एवं मनमाने ढंग से शिक्षक सवर्ग, लिपिक संवर्ग एवं नृत्य संवर्ग के लोक सेवकों के प्रशासनिक स्थानांतरण किये गये, लिपिक संवर्ग के लेक सेवकों के प्रशासनिक स्थानांतरण में कोई गापदण्ड निर्धारित नहीं किये गये, जिन लिपिकों के स्थानांतरण किये गये वह कार्यालय में पदस्थी दिनांक से कनिष्ठ है, उनके विरूद्ध गंभीर शिकायत की जांच भी लंबित नहीं, फिर भी प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर द्वारा मनमाने ढंग से लिपिकों के प्रशासनिक स्थानांतरण किये गये हैं। इसके साथ ही विभाग में दशकों से एक ही पद पर कार्यरत लिपिकों को प्रशासनिक स्थानांतरण से मुक्त रखा गया है। संघ के दुर्गेश पाण्डे, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, सतीश देशमुख, योगेश कपूर सहित आदि ने माननीय शिक्षा मंत्री म.प्र. शासन के नाम से कलेक्टर जिला जबलपुर के माध्यम से तहसीलदार अधारताल हरि सिंह धुर्वे को ज्ञापन सौंप कर मांग कि है की प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी द्वारा प्रशासनिक स्थानांतरण के नाम पर किये गये भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए और जांच होने तक जारी किये गये स्थानांतरण आदेश स्थगित रखे जाए।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मान्य मिश्रा ने जीता रजत पदक



जबलपुर,यशभारत। लखनऊ में के डी बाबू स्टेडियम में आयोजित हुई राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन अंबेडकर भवन तहसील चौक टारगेट स्पोर्ट्स क्लब की मान्य मिश्रा ने मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सभी राज्यों से लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया । जबलपुर की मान्य मिश्रा ने 7 फाइट निकलते हुए रजत पदक हासिल किया । मध्य प्रदेश टीम के प्रभारी एवं कोच अरुण कुमार यादव थे ।



## हरी ड्रेस पहनकर दिया हरियाली का संदेश

**जबलपुर,यशभारत।** स्नेह क्लब की बहनों ने विजय नगर कॉफी हाउस में किटी पार्टी आयोजित की जिसमें महिलाओं ने हरी ड्रेस पहनकर हरियाली का संदेश दिया और हरियाली तीज को उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर उमा अहिरवार, राधा राज शोभा सहित स्नेह क्लब की बहनें शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने तंबोला गेम का भी लुत्फ उठाया।

## पुरुषोत्तम मास शिव शक्ति की आराधना का मास है: ब्र. चैतन्यानंद



जबलपुर, यशभारत। बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर भगवान हरिहरेश्वर महादेव के दिव्य रुद्राभिषेक के साथ-साथ मां भगवती का विशेष पूजन एवं महाआरती की जा रही है । पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि पुरुषोत्तम मास एवं श्रावण मास का संयोग हरि-हर स्वरूप में उपस्थित हुआ है इस अवसर पर पूज्य ब्रह्मचारी जी के द्वारा जन कल्याण के सुखद संकल्प के साथ हरि-हर रुद्राभिषेक एवं शक्ति साधना की महापूजा की जा रही है पुरुषोत्तम मास की यह फलश्रुति है कि संस्काधानी के भक्तों को शिव-विष्णु-भगवती की आराधना का लाभ प्राप्त हो रहा है। आज के रुद्राभिषेक एवं सुभार्चन में श्रीमती प्रभा यादव मनोज खरे प्रीति अग्रवाल श्रीमती नीता पटेल आयुष गुप्ता आशीष चौकसे आदि भक्तगण उपस्थित रहे










» न्यूज गैलरी

## पुलिस से बचने लगाई दौड़, दो जुआरी दूसरी मंजिल से गिरे

भोपाल (ईएमएस)। जुआ खेलने की सूचना पर देर रात पुलिस ने एक जुआ फड़ पर छापा मारा। पुलिस को देखकर जुआरियों में भगदड़ मची और एक जुआरी दूसरी मंजिल से गिरकर घायल हो गया। दोनों को मामूली चोटें आई है। जुआरियों के जख्मी होने के बाद पुलिस द्वारा उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया और थाने से ही छोड़ दिया गया। यह घटना जबलपुर के कोतवाली थाना अंतर्गत मौलाना की गली में स्थित बीएन का बाड़ा की है। दरअसल, आशीष उसरेठे बीएन का बड़ा में रहता है। बुधवार रात उसने घर की दूसरी मंजिल पर जुआ फड़ सजाया था। जहां मौलाना की गली निवासी रोहित सोनी, दीक्षितपुरा निवासी प्रदीप भोसले, लवकेश सोनी, मछरहाई निवासी चक्रेश जैन, अमखेरा निवासी संजय अग्रवाल और रोहित सोनी जुआ खेल रहे थे। पुलिस टीम वहां पहुंची और छापा मारी, तो जुआरियों में भगदड़ मच गई। इस दौरान प्रदीप भोसले और रोहित सोनी ने फड़ से भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने दोनों को पकड़ने के लिए उनका पीछा किया, तो प्रदीप और रोहित दूसरी मंजिल से गिर गए। घटना में प्रदीप को सिर और रोहित को हाथ में चोटें आई। यह देख छापा मारने पहुंचे पुलिस अधिकारी और जवान सकते में आ गए। तत्काल प्रदीप और रोहित को अस्पताल ले जाया गया। दोनों ही घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है, घायलों के जल्दी ही ठीक होने की संभावना है।

## वर्ष में केवल एक बार खुलता है ये मंदिर, एकमात्र प्रतिमा जिसमें शेषनाग पर विराजे हैं महादेव

उज्जैन, यश भारत। हिंदू धर्म में नाग की पूजा करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस धर्म में आस्था रखने वाले लोग सांपों को भगवान शिव का आभूषण मानते हैं। हमारे देश में नागदेवता के वैसे तो कई प्रसिद्ध मंदिर हैं। लेकिन विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर की तीसरी मंजिल पर ही श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर स्थित है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसे सिर्फ वर्ष में केवल एक बार नागपंचमी के दिन ही खोला जाता है। मान्यताओं के अनुसार, नागराज तक्षक स्वयं इस मंदिर में मौजूद हैं। इस वजह से केवल नागपंचमी के दिन मंदिर को खोलकर नाग देवता की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके साथ ही कई मायनों में नागचंद्रेश्वर मंदिर हिंदू धर्म के लोगों के लिए खास है। नागचंद्रेश्वर मंदिर में 11वीं शताब्दी की प्रतिमा मौजूद है, जिसको लेकर दावा किया जाता है कि ऐसी प्रतिमा दुनिया में और कहीं नहीं है। इस प्रतिमा को नेपाल से यहां लाया गया था। नागचंद्रेश्वर मंदिर में भगवान विष्णु की जगह शंकर भगवान शेष नाग की शैय्या पर विराजमान हैं। मंदिर में जो प्राचीन मूर्ति स्थापित है उस पर शिव जी, गणेश जी और मां पार्वती के साथ दशमुखी सर्प शैय्या पर विराजित हैं।

## श्वेतांबर जैन समाज का पर्युषण पर्व शुरू

भोपाल, यशभारत। राजधानी के श्वेताम्बर जैन मंदिरों में आत्म शुद्धि के महापर्व पर्युषण पर्व रविवार से शुरू हो रहे हैं। हर भगवान जिनेन्द्र के अभिषेक विशेष पूजा अर्चना के साथ अष्टानिका, कल्पसूत्र का व्याख्यान होगा। सिटी मंदिर में साध्वी अमीपूर्णा, अमीदर्शा, लब्धिपूर्णा के सानिध्य में अष्टान्हिका व्याखान सुबह नौ बजे से होगा।श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश तातेड़ ने बताया पर्युषण पर्व के दिनों में जैन धर्मावलंबी भौतिक सुख-सुविधाओं से दूर रहकर व्रत उपवास के साथ तप-त्याग-संयम की आराधना करते हैं। बुधवार को श्री पोथाजी का चल समारोह निकलेगा। गुरूवार को भगवान का जन्मोत्सव भक्तिभाव से मनाया जाएगा। प्रतिदिन अष्टानिका एवं कल्पसूत्र का व्याख्यान साध्वी संघ के मुखारबिंद से होगा। इसके साथ ही पाठशाला के बच्चों द्वारा प्रतिदिन जैन धर्म, जैन सिद्धांत को दर्शाती हुई नृत्य नाटिका का प्रस्तुतिकरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस बार दो पर्युषण पर्व हैं। 12 सितंबर से भादोवदी पर्युषण पर्व प्रारंभ होंगे। वहीं दूसरी ओर तुलसी नगर श्वेतांबर जैन मंदिर में प्रतिदिन भगवान आदिनाथ का विशेष श्रृंगार, धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

### सर्वे अभियान : फर्जी टैक्स क्रेडिट में मध्यप्रदेश से आगे है छत्तीसगढ़!

# GST फ्रॉड में सबसे आगे है इंदौर -दावा

भोपाल,यशभारत। देश में सेवा एंव वस्तु कर (GST) को लागू हुए करीब 6 साल हो चुके हैं। और सरकार लगातार इस कोशिश में है कि टैक्स चोरी को रोका जा सके। लेकिन आए दिन देश-प्रदेश के किसी-न-किसी कोने से टैक्स चोरी के भी मामले सामने आ रहे हैं। शातिर लोग तरह-तरह से टैक्स चोरी के हथकंडे अपना रहे हैं। इससे सरकार के कान खड़े हो गए हैं। GST सिस्टम को दुरुस्त करने की कवायद में सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स ने देश के सभी राज्यों में GST सर्वे अभियान चलाया है। केंद्रीय जीएसटी भोपाल जोन के संयुक्त आयुक्त प्रणेश गुप्ता ने बताया कि फर्जी कंपनियों द्वारा जीएसटी नंबर लेकर कर चोरी करने पर रोक लगाने के लिए हाल ही में एक मुहिम शुरू की गई है। इस कार्यवाही के तहत ही मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की भी कई सरकारी-गैर सरकारी इकाइयां जांच के दायरे में हैं। 16 मई को शुरू हुआ ये अभियान 15 अगस्त तक जारी रहेगा।

### मध्य प्रदेश में हुई 125 करोड़ की GST चोरी

अभियान के तहत मध्य प्रदेश में पिछले दो महीने के दौरान 1000 से भी ज्यादा डीलर्स/फर्म्स/रेजिस्ट्रेशन्स का वेरिफिकेशन हो चुका है। इनमे से 40 फीसदी यानी 400 फर्म्स नॉन-एक्सिस्टेंट थी, यानी ये फर्म्स सिर्फ कागज़ों में मौजूद थी असल में नहीं! अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य में इस दौरान 125 करोड़ की चोरी पकड़ी गई। जांचकर्ताओं ने 350 फर्म्स का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड/कैंसिल कर दिया है। अधिकारी ने द सूत्र को बताया कि अभी 600 फर्म्स का वेरिफिकेशन और किया जाएगा।




### मध्य प्रदेश में 90 फीसदी GST चोरी आर्थिक राजधानी इंदौर से!

अधिकारियों के अनुसार बाकी शहरों के मुकाबले सबसे ज्यादा GST की चोरी इंदौर में पकड़ी गई। इंदौर में 165 फर्म्स की जांच की गई तो 111 करोड़ रुपए की त्रस्क्ष चोरी पकड़ में आई। और ये मध्य प्रदेश की कुल GST चोरी 125 करोड़ का 90प्रश है। जबकि बात राजधानी भोपाल की करें तो भोपाल में 520 फर्म्स का वेरिफिकेशन किया गया, जिसमें से 90 फर्म्स का रजिस्ट्रेशन कैंसिल या सस्पेंड कर दिया गया। हालाँकि, भोपाल में सिर्फ 5 करोड़ की चोरी पकड़ में आई है।

### CG में 190 करोड़ की GST चोरी

इस तरह अगर छत्तीसगढ़ में पिछले दो महीने के अभियान के दौरान 350 से भी ज्यादा डीलर्स/फर्म्स/रेजिस्ट्रेशन्स का वेरिफिकेशन हो चुका है। इनमें से 35 फीसदी फर्म्स नॉन-एक्सिस्टेंट पाए गए। अधिकारीयों ने 110 फर्म्स का रजिस्ट्रेशन ससपेंड या कैंसिल कर दिया है। राज्य में इस दौरान 190 करोड़ की GST चोरी पकड़ी गई। इस हिसाब से देखें कि जहाँ MP में 1000 से ज्यादा फर्म्स के वेरिफिकेशन पर 125 करोड़ की GST चोरी पकड़ी गई तो वहीं छत्तीसगढ़ में सिर्फ 350 फर्म्स के वेरिफिकेशन पर ही 190 करोड़ की GST चोरी पकड़ में आई। जाहिर है कि छत्तीसगढ़ में GST चोरी की दर MP से ज्यादा है।

अधिकारियों ने बताया कि GST चोरी 18त्र और 28 त्र के टैक्स स्लैब में सबसे ज्यादा होती है। बता दें कि गस्त के चार अलग-अलग - 0त्र, 5प्रश, 12प्रश, 18प्रश और 28प्रश के स्लेब तय हैं जिनके तहत वस्तुओं और सेवाओं पर कर लगाया जाता है।

### मोड ऑफ़ फोर्जरी- फर्जी बिल फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन और गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट

सभी मामलों में दूसरे के आधार, रेंट एग्रीमेंट, बिजली बिल आदि दस्तावेज नाम बदलकर इस्तेमाल किए गए। इन फ़र्ज़ी कागज़ों की मदद से नॉन-एक्सिस्टेंट फर्म्स बनाई गई और फ़र्ज़ी इनवॉइस बनाए गए। उदाहरण के तौर पर मई में इंदौर में पंजीकृत मैसर्स धनराज ट्रेडर्स द्वारा फर्जी जीएसटी पंजीयन लेने का मामला पकड़ा गया। कंपनी के प्रोपराइटर दिनेश राठौर और उसके साथी आशीष अग्रवाल को 12 करोड रुपए की टैक्स चोरी के मामले में गिरफ्तार भी किया गया है। जांच के अनुसार गुजरात के एक इनपुट टैक्स क्रेडिट का हेरफेर करने वाले ब्रोकर का संपर्क आशीष अग्रवाल से हुआ, जिसने धनराज ट्रेडर के मालिक दिनेश राठौर से गुजरात के डीलर की मुलाकात करवाई। दोनों के बीच फर्जी इनवॉइस के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट चोरी किए जाने को लेकर



## मतदाताओं को जोड़ने के लिए प्रशासन का नियम, वोटर आईडी दिखाओ तभी मिलेगी शराब

भोपाल, यशभारत। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके तहत महू विधानसभा क्षेत्र में एक नया प्रयोग किया गया है। महू में नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए प्रशासन ने कुछ नियम भी लागू कर दिए हैं। इसमें प्रशासन ने शराब दुकान और रजिस्ट्रार कार्यालय में भी मतदाता जोड़ने के फार्म रखवा दिए हैं। इसमें शराब लेने वाले लोगों को वोटर आईडी दिखाना अनिवार्य किया है।यदि व्यक्ति 18 साल से अधिक है और वोटर आईडी नहीं है तो उसे पहले वहां मतदाता के रूप में जुड़ने के लिए फार्म 6 भरना होगा। इसके बाद ही व्यक्ति शराब ले जा सकेगा। इसके अतिरिक्त अब तक इंदौर जिले की 9 विधानसभा में सबसे अधिक आवेदन आ चुके हैं। इसमें 2 अगस्त से 10 अगस्त तक कुल 4800 आवेदन आ चुके हैं। जो कि पूरे विधानसभा में पहले नंबर पर हैं।

### 11 हजार 238 मतदाता जोड़ने का लक्ष्य है

महू विधानसभा में वर्तमान कुल 259575 मतदाता हैं। इसमें नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए 2 अगस्त से अभियान की शुरुआत हुई है जो कि 30 अगस्त तक चलेगा। इसके तहत महू सबसे आगे चल रहा है। विधानसभा में 11 हजार 238 मतदाता जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत अब तक 5621 जुड़ चुके हैं। इसमें पहले चलाए गए अभियान में भी मतदाता जुड़े हैं।नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए प्रशासन पूरी तरह जुट गया है। इसमें प्रशासन ने ऐसी जगह को टारगेट किया है जहां पर ज्यादा लोगों का आना जाना होता है। इसमें शराब दुकान, राशन दुकान और रजिस्ट्रार कार्यालय में मतदाता बनने के लिए आवेदन फार्म 6 रखवाया है। इसमें शराब दुकान पर अनिवार्य रूप से वोटरआईडी मांगा जा रहा है। वोटर आईडी नहीं है और 18 साल से अधिक है तो उसे पहले फार्म भरना होगा तभी उसे शराब मिल सकेगी।

## गरबा के दौरान हुई पहचान, शादी का झांसा देकर करने लगा शारीरिक शोषण युवती के गर्भवती होने पर मुकरा

भोपाल यशभारत। चार साल पहले युवती की पहचान एक युवक से हुई थी। प्रेम-प्रसंग हो जाने पर युवक ने शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण शुरू कर दिया। युवती जब गर्भवती हो गई तो उसने युवक से शादी करने को कहा। इस पर युवक ने शादी करने से मना कर दिया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर लिया है। महिला थाना पुलिस के अनुसार 23 वर्षीय युवती सैफिया कालेज रोड क्षेत्र में रहती है। वह एक निजी फर्म में नौकरी करती है। वर्ष 2019 में युवती नवरात्र पर्व के दौरान गरबा खेलने के लिए एक कार्यक्रम में गई थी। यहां पर उसे गौरव यादव नाम का युवक मिला। दोनों के बीच पहचान हुई तो गौरव ने युवती का मोबाइल नंबर ले लिया। अगले ही दिन से उसने युवती से फोन पर बात करना शुरू कर दिया। जल्द ही दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। कुछ दिन बाद ही गौरव ने युवती को शादी करने का भरोसा देते हुए युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाना शुरू कर दिया। युवती जब भी उससे शादी करने की बात करती थी, वह बहाना बनाकर टाल देता था। पिछले दिनों युवती गर्भवती हो गई, तो उसने गौरव से बात की और जल्द शादी करने को बोला। इस पर गौरव शादी करने की बात से साफ मुकर गया। परेशान होकर युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपित गौरव यादव को गिरफ्तार कर लिया है। वह दूध डेयरी का काम करता है।



## ढाबों और रेस्टोरेंट में परोसी जा रही थी शराब, संचालक सहित एक दर्जन युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई की

भोपाल, यश भारत। भोपाल शहर के एक निजी रेस्टोरेंट में अवैध रूप से युवकों को शराब पिलाने का मामला सामने आया है। जिसमें शुक्रवार को पुलिस ने रेस्टोरेंट के संचालक सहित एक दर्जन युवकों पर कार्रवाई की है। भोपाल में पुलिस की सख्ती के बाद भी रेस्टोरेंट, होटल और ढाबों में अवैध रूप से शराब पिलाने का धंधा चल रहा है। राजधानी के नीलबड़ पहुंच मार्ग के केरवा डेम रोड़ के पास स्थित जहाज रेस्टोरेंट में दिनदहाड़े युवाओं को अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी। मुखबिरों से सूचना मिलने पर आबकारी पुलिस की टीम ने शराब पीते एक दर्जन युवकों को पकड़कर उन पर कार्रवाई की है। इससे पहले भी रेस्टारेंट संचालक विनय चंदेल पर आबकारी एक्ट के तहत डेढ़ दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस कार्रवाई के कुछ दिनों बाद फिर से अवैध रूप से शराब पिलाने का धंधा शुरू कर देता है।शहर की सीमाओं से सटे हुए दर्जनों होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में अवैध रूप से हुक्का और शराब पिलाने की शिकायत लगातार आबकारी विभाग को मिल रही है। शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए आबकारी विभाग और पुलिस की एक टीम ने एक और जगह कार्रवाई की है। सीहोर नाका स्थित मोक्ष क्लब एवं रेस्टोरेंट पर छापामारी की।

## महाकाल की सवारी के लिए बना नया रथ

भोपाल, यश भारत। बाबा महाकाल की छटवीं सवारी 14 अगस्त को निकलेगी, जिसमें बाबा महाकाल नव निर्मित रथ में विराजमान होंगे। इस बार श्रावण का अधिकमास आने से सवारी की संख्या 10 हो गई है और प्रत्येक सवारी में बाबा का एक स्वरूप बढ़ता जा रहा है। इसलिए 10 सवारी में 10 रुप निकालने के लिए मंदिर समिति को इस बार नए स्वरूप के साथ ही नए रथों की व्यवस्था भी करना पड़ी है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि श्रावण का अधिकमास होने से 10 सवारी के लिए पालकी व हाथी के साथ आठ रथ निकलना हैं। समिति के पास चार रथ पहले से उपलब्ध हैं। इसलिए चार नए रथ बनवाए गए हैं। इसमें दानदाताओं का भी सहयोग लिया गया है। दो रथ मंदिर में बनकर भी आ गए हैं। शेष रथ भी जल्द आ जाएंगे। इस बार सवारी में बाबा महाकाल भक्तों को घटाटोप स्वरूप में नए रथ में विराजमान होकर दर्शन देने निकलेंगे। महाकाल मंदिर के पुजारी पं अभिषेक शर्मा (बाला गुरु) ने बताया कि पुराने समय से ही बाबा के कई स्वरूप चांदी के बने हुए हैं। जो परंपरागत रूप से महाकाल की सवारी में निकलते आए हैं। इस बार श्रावण के साथ अधिकमास आने से सवारी की संख्या बढ़कर 10 हो गई तो कुछ स्वरूप व रथ बढ़ाने पड़े हैं। अभी 14 अगस्त को छटवीं सवारी निकलेगी। इसके बाद सातवीं, आठवीं, नौवीं और आखिरी शाही सवारी दसवीं होगी हर सवारी में एक स्वरूप बढ़ेगा।बाबा महाकाल की सवारी के लिए विशेष रथ तैयार करवाए गए हैं।

## जेल पुलिसकर्मियों और हमीदिया अस्पताल कर्मचारियों के बीच विवाद

### गार्ड, वार्ड बॉय घायल, महिला से भी की गाली गलौच

भोपाल यशभारत। राजधानी के हमीदिया अस्पताल में शुक्रवार दोपहर उस समय हंगामा मच गया जब यहां मामूली बात को लेकर हॉस्पिटल स्टॉफ और जेल पुलिसकर्मी के बीच मारपीट हो गई। वॉर्मारपीट में वार्ड बॉय, एक गार्ड और एक महिला गार्ड घायल हो गए। पूरी घटना का वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी मनीष और संजय दामड़े दिख रहे है। वीडियो में एक पुलिसकर्मी गालियां देता हुआ नजर आ रहा है, वहीं अन्य पुलिस कर्मी के हाथ में बेल्ट दिखाई दे रहा है। मामले में अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मारपीट, गाली देने और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार घायल वार्ड बॉय रवि गुप्ता दोपहर ड्यूटी पर था। इमरजेंसी गेट के



बाहर उसने चिल्लाने की आवाज सुनी तो बाहर आकर देखा, एक पुलिसकर्मी बाहर अन्य लोगों के साथ दुर्व्यवहार कर रहा था।

रवि ने बताया कि मैंने पास जाकर पूछा कि क्या हुआ तो वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने मुझसे पूछा कि मैं कौन हूं। मैंने जैसे ही बताया कि मैं वार्ड बॉय हूं, तो उन्होंने तुरंत गाली देना शुरू कर दिया। मैंने जब उनकी गाली देने का विरोध किया तो वह मुझे मारने लगे। बेल्ट से भी मारा, इस वारदात में मेरा हाथ फ्रेक्चर हो गया और एक गार्ड जावेद का सिर भी फट गया। जिसे टांके लगाए गए हैं। पुलिसकर्मी ने महिला गार्ड से भी गाली-गलौच करते हुए धक्का-मुक्की की। जिसकी वजह से महिला को चोट लग गई। थाना पुलिस के अनुसार फुटेज के आधार पर अज्ञात जेल पुलिसकर्मी के खिलाफ मारपीट गाली देने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। उसकी शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

### महापौर द्वारा निगम के विद्युत विभाग व एमपीईबी के अधिकारियों साथ बैठक की

## दिन-रात जलने वाली स्ट्रीट लाईट्स का 10 दिनों में सर्वे कर एमपीईबी करेगी समाधान

इन्दौर यशभारत। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा निगम के विद्युत विभाग व एमपीईबी/पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों के साथ महापौर सभाकक्ष में बैठक ली गई। बैठक में एमआईसी मेंबर व विद्युत विभाग प्रभारी जीतु यादव, अपर आयुक्त मनोज पाठक, अधीक्षण यंत्री राकेश अखण्ड, एमपीईबी के संचालक तकनीकी सचिन तलेवार, मुख्य अभियंता सीताराम वमनके, मनोज शर्मा, योगेश आठनेर व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

महापौर भार्गव ने कहा कि नगर निगम इन्दौर द्वारा नागरिकों को मूलभूत सुविधाऐं देने के साथ ही शहर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के क्रम में शहर में बिजली की खपत को कम करने के उददेश्य से शहर में 80 हजार से अधिक एलईडी लाईट लगाने का कार्य किया गया है। इसके साथ ही शहर में लगाई गई स्ट्रीट लाईट में एमपीईबी के माध्यम से की गई केबल वायरिंग के परिणाम स्वरूप शहर में 17500 से अधिक स्ट्रीट लाईट दिन में भी अनावश्यक रूप से चालू रहने के कारण लॉस ऑफ एनर्जी होकर विद्युत खपत हो रही है। इसको



### एक माह बाद फिर होगी बैठक

दृष्टिगत रखते हुए आज एमपीईबी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली गई है।

महापौर भार्गव द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो के साथ ही चौराहों के लेफ्टटर्न व चौराहों के सौन्दर्यीकरण में बाधक विद्युत डीपी व विद्युत पोल शिफ्टिंग करने, शहर के विभिन्न स्थानों पर लगी विद्युत डीपी के ढक्कन नहीं होने व कवर नहीं होने से सुंदरता के साथ ही सुरक्षा को देखते हुए, डीपी को कवर करने तथा विद्युत डीपी के नीचे तथा आस-पास में पर्याप्त सफाई व्यवस्था के संबंध में भी एमपीईबी के अधिकारियों से चर्चा की गई। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित 29 गांव में स्ट्रीट लाईट व अन्य प्रकाश व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही इन्दौर को सोलर सीटी बनाने के उद्देश्य से शहर के 85 वार्डो की 85 कालोनियों को सोलर एनर्जी से जोडने के संबंध में भी बातचीत हुई। इस संबंध में एमपीईबी के अधिकारियों ने बताया कि शासन निर्देशानुसार रहवासी क्षेत्र में सोलर पैनल लगाने पर सब्सीडी का भी प्रावधान है तथा इस हेतु आसान नियम भी बनाये गये है ताकि अधिक से अधिक सोलर पैनल का उपयोग किया जा सकें। एमपीईबी द्वारा इसके लिए एजेंसी भी नियुक्त की गई है।

एमपीईबी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्ट्रीट लाईट के दिन में भी चालू रहने पर अधीनस्थ अधिकारियों को आगामी 10 दिन में निगम की विद्युत विभाग की टीम के साथ ऐसे 17500 स्ट्रीट लाईट के सर्वे कर केबल वायरिंग तथा संधारण कार्य हेतु एस्टीमेंट तैयार करने के संबंध निर्देश दिये गये। इसके साथ ही निगम अधिकारियो के साथ सर्वे उपरांत समस्या का समाधान करने के भी निर्देश दिये गये। साथ ही निगम व एमपीईबी विभाग की आगामी एक माह बाद पुनः संयुक्त बैठक कर शहर विकास कार्यो में आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित की जा सके।

अपराध | खबर देने वाले की भी संदिग्ध मौत, पूरी तरह से खाली हाथ पुलिस

# रायसेन में बीजेपी के पूर्व विधायक की मौत बनी रहस्य

**भोपाल ईएमएस। उदयपुरा से बीजेपी के पूर्व विधायक भगवत सिंह पटेल की मौत का मामला अब तक अनसुलझा है। बारिश ने उनकी मौत के मामले से जुड़े कई सबूत धो डाले या फिर जानबूझकर साक्ष्य मिटा दिए गए कहा नहीं जा सकता। वहीं उनकी मौत की खबर परिजनों और पुलिस को देने वाला ड्राइवर बिहारी उर्फ छोटू भी संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। दोनों ही केस किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करते चले आ रहे हैं लेकिन पुलिस को अभी तक ऐसा कोई ठोस सबूत तक नहीं मिला है जिससे इन दो मौतों का रहस्य सुलझ सके।**




पूर्व विधायक की मौत सिर पर चोट की वजह से बहे अत्यधिक खून की वजह से होना बताया जा रहा है वहीं उनके ड्राइवर की लाश फांसी के फंदे पर झूलती हुई मिली थी, लेकिन उसके पैर घुटनों के पास रस्सी से बंधे हुए मिले थे। पूर्व विधायक की मौत के मामले में संदेह सबसे ज्यादा ड्राइवर छोटू केवट पर ही था, लेकिन घटना के 3 दिन बाद उसकी लाश उसके गांव के पास ही बबूल के पेड़ पर लटकी मिली थी। छोटू भगवत सिंह पटेल की मौत के वक्त घर पर ही था, उसने सुबह करीब सवा चार बजे पुलिस को सूचना दी थी। यह बताया था कि जब वह सुबह पेशाब के लिए उठा तो पटेल टॉयलेट के बाहर अचेत अवस्था में गिरे हुए मिले। जबकि पुलिस पड़ताल में जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो छोटू भगवत पटेल के दामाद रघुवीर के साथ घूमता हुआ दिखाई दिया था। सवाल उठा कि जब छोटू जाग रहा था तो उसने पहले ही घटना की जानकारी पुलिस को क्यों नहीं दी। मामले में दूसरा शख्स जिस पर पुलिस को संदेह है वो शख्स रघुवीर सिंह है, जो कि मृतक पूर्व विधायक का दामाद है। छोटू पहले रघुवीर के यहां ही काम करता था, बाद में उसे देखरेख के लिए रघुवीर ने ही भगवत सिंह के घर रखवाया था। रात सवा दो बजे के करीब घर के पास सीसीटीवी फुटेज में रघुवीर सिंह भी दिखाई दिए थे। भगवत सिंह पटेल 100 एकड़ जमीन के मालिक थे, उन्होंने 17-17 एकड़ जमीन बेटियों के नाम कर दी थी, बाकी जमीन और रुपया पैसा उनके पास ही था। माना जा रहा है कि प्रॉपर्टी विवाद के चलते तो यह घटना घटित नहीं हुई। मामले में तीसरा शख्स जिस पर संदेह है उसका नाम दुर्गा है, जो कि पूर्व विधायक के यहां रसोइये का काम करता था। हालांकि दुर्गा रोज काम निपटाने के बाद घर चला जाता था। घटना वाली रात भी वह अपने घर चला गया था। इधर एफएसएल की टीम का कहना है कि घटना वाली रात अत्यधिक बारिश की वजह से मौके पर ज्यादा सुराग नहीं मिल पाए थे। हो सकता है कि बारिश में सारा खून नाली के जरिए बह गया हो। वहीं भगवत सिंह के गले और कान के पास मिला घाव 5 एमएम का है, जो किसी नुकीली वस्तु की चोट से हुआ होना प्रतीत होता है। घाव के हथियार से किए जाने की संभावना न के बराबर है। इस पूरी घटना को संदेह के तौर पर इसलिए देखा जा रहा है क्योंकि पीएम रिपोर्ट के मुताबिक मौत रात 12 बजे के आसपास होना पाया गया है। लेकिन ड्रायवर छोटू ने सुबह सवा 4 बजे के करीब घटना की जानकारी लगने की बात पुलिस पूछताछ में बताई।

» न्यूज गैलरी

## सिहोरा विधानसभा से सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पास



**कुंडम,यशभारत।** सिहोरा विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी से मुलाकात करने पहुंचे कमलनाथ से चर्चा करते हुए सैकड़ों कांग्रेसकर्ताओं ने डॉक्टर संजीव वरकडे को सिहोरा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने की मांग की पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी ने डॉक्टर संजीव बरकडे को आश्वासन देकर क्षेत्र के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित करने का निर्देश दिया और सिहोरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का विधायक बनवाने के निर्देश दिए इसके तुरंत बाद डॉक्टर संजीव बरकड़े एवं सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता पदाधिकारी पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी से सौजन्य बैठकर अपने अपने क्षेत्र में कांग्रेश को सक्रिय बनाने हेतु संकल्प लिया जिसमें उपस्थित संदीप साहू कौशल पटेल डॉक्टर गोस्वामी शिव कुमार पटेल अवसर पटेल नारायण प्रसाद पटेल जितेंद्र कुमार डॉक्टर दिनेश कुमार जगमोहन पटेल नवीन शुक्ला सोनू सेन आशीष पटेल अशोक पटेल संजू पटेल गोलू पांडे आशीष कुमार रिंकू कुमार नरेश सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षकों को कब बनाया जाएगा उच्च श्रेणी शिक्षक

**बरेला, यशभारत।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रांतीय उपाध्यक्ष शहजाद सिंह द्विवेदी ने बताया प्रदेश के मुख्यमंत्री जी हर जगह मन्च से घोषणा कर कहते हैं कि मैं जो घोषणा करता हूँ वह पत्थर की लकीर होती हैं इसी तरह की माननीय मुख्यमंत्री जी ने सात साल पहले सहायक शिक्षकों कि अनार्थिक माँग को पूरा करने का पूरा करने का भरोसा देकर कहा था कि सहायक शिक्षकों को एकमुश्त उच्च श्रेणी शिक्षक बनाया जाएेगा में जो कहता हूँ वह पत्थरों कि लकीर होता है इस कहावत को भोपाल में बैठे अधिकारियों ने चरितार्थ कर दिखाया कि सहायक शिक्षकों कि फाइल अधिकारियों के पास वर्षो से पडी है कर्मचारी संघों द्वावारा अनेकों बार अधिकारियों को विधायक मन्त्रीओ को माँग पत्र सोंपा लेकिन फाइल एक इन्च आगे नहीं बढीं ।इसको कहते हैं पत्थर की लकीर संघ माननीय मुख्यमंत्री जी से पुनः माँग करता है कि सहायक शिक्षक जो आपनी 35 से 40 कि एक ही पद पर रहते हैं हजारों शिक्षक प्रतिमाह रिटायर हो रहें हैं सहायक शिक्षकों कि पीड़ा को समझते हुए सभी सहायक शिक्षकों को उच्च पदनाम देकर अपनी घोषणा को पूण करें ।

## 6 पेटी अवैध शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार



**गोटेगांव, नरसिंहपुर, यशभारत।** स्थानीय ग्राम टिकरी से अवैध 6 पेटी शराब सहित पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार ज्ञात होवेंकि जिला अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ की तस्करी/व्यापार में लिप्त व्यक्तियों की सूचना प्राप्त करने हेतु विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर जानकारियां एकत्रित की जा रही है इसी तारतम्य मैं ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना गोटेगांव को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति जिसका नाम प्रकाश ठाकुर है जो ग्राम टिकरी में खेरमाई मंदिर के पास अपनी किराना दुकान मे बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा सूचना अनुसार घेरावंदी की गयी जिसके फलस्वरूप मुखबिर के बताए अनुसार आरोपी प्रकाश ठाकुर की दुकान में छापा मारा गया जिसके परिणाम स्वरूप उक्त स्थान से 6 पेटी कार्टून प्रत्येक कार्टून में 50 पाव रखे मिले इस प्रकार कुल 300 पाव अवैध रूप से रखी देशी शराब जप्त करने में सफलता प्राप्त हुयी।

# परमात्मा को प्रकट करना है तो दर्शाना होगी प्रेम और भक्ति - शंकराचार्य



**गोटेगांव, नरसिंहपुर, यशभारत।** धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में परमाराध्य परमधर्माधीशउत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदुरु परमपूज्य शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराजजी ने अपनी अमृत मय वाणी से धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहाकि परमात्मा सर्वव्यापक हैं अर्थात् वे हर समय हर जगह विद्यमान हैं परन्तु जब कोई प्रेम से भक्ति से उनको पुकारता है तो वे उस स्थानविशेष में प्रकट हो जाते हैं जिस प्रकार से अग्नि सर्वत्र व्याप्त है पर हमें उसे प्रकट करने के लिए घर्षण करना पडता है उसी प्रकार परमात्मा को भी प्रकट करना हो तो प्रेम और भक्ति होनी चाहिए आगे परमपूज्य गुरुदेव ने ने कहाकि सामान्य मनुष्य जब एक स्थान पर उपस्थित रहता है तो वह उसी समय दूसरे स्थान पर उपस्थित नहीं हो सकता एक साथ दो स्थान पर एक व्यक्ति की उपस्थिति असम्भव है परन्तु भगवान् सर्वव्यापक होने से उनको एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना या आना नहीं पडता वे एक साथ अनेक स्थानों परउपस्थित हो सकते हैं वे कर्तुम्,अकर्तुम् और अन्यथाकर्तुम् समर्थ हैं उस परमात्मा से सभी उत्पन्न हुए हैं,केवल मनुष्य ही नहीं कृमि कीट पतंगे,चीटी से लेकर हाथी पर्यन्त के सभी चराचर जीव उनके ही उपजाए हुए हैं इसलिए उनको सब समान रूप से प्रिय हैं श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान नरसिंहपुर के श्री डी के स्वामीजी श्रीमती सुषमा स्वामीजी एवं श्री रेखा शर्माजी ने व्यासपीठ का पूजन कर पूज्य शंकराचार्य महाराज जी का आशीर्वाद लेने के उपरांत प्रमुख रूप से शंकराचार्य जी महाराज के निजी सचिव चातुर्मास्य समारोह समिति अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द जी ज्योतिष्पीठ पं.आचार्य रविशंकर द्विवेदी शास्त्रीजी ज्योतिषपीठ शास्त्री पं.राजेन्द्र शास्त्री जी दंडीस्वामी श्री अमरिसानन्द जी महाराज,पं,राजकुमार तिवारी ब्रह्मचारी निर्विकल्पस्वरूप जी ब्रह्मचारी,आदि ने अपने विचार व्यक्त किए मंच का संयोजन श्री अरविन्द मिश्र एवं संचालन ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानन्द जी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रम्हचारी अचलानंदजी ब्रम्हचारी राघवानंदजी ब्रम्हचारी विमलानंदजी पं.आनंद तिवारी अन्नू भैया सोहन तिवारी व्यवस्थापक सुंदर पांडे पं सुनील शर्मा माधव शर्मा रघुवीर प्रसाद तिवारी राजकुमार तिवारी,दीपक शुक्ला अमित तिवारी आशीष तिवारी रघुवीर तिवारी विभाष चौधरी सनत जैन द्वारकासिंह राजपूत,विनोद सोनी प्रकाश साहू सूरतसिंह पटेल राजकुमार पांडे बद्री चौकसे नारायण गुप्ता कपिल नायक सहित श्रीमद भागवत पुराण में बड़ी संख्या में गुरु भक्तों की उपस्थित होकर कथा का रसपान कर अपने मानव जीवन को धन्य बनाकर भागवत भगवान की कथा आरती के उपरांत महाभोग प्रसाद ग्रहण किया चातुर्मास्य के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बंधुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाया।

# पाटन विधानसभा के सेक्टर आठ के मतदान केंद्रों पर पहुंचा प्रचार रथ



**पाटन, यशभारत।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज रविवार को पाटन विधानसभा के सेक्टर -8 के मतदान केंद्रों में प्रचार रथ के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया तथा ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीन का प्रदर्शन कर इनसे वोट डालने के तरीके बताये गये प्रचार रथ के भ्रमण के दौरान सेक्टर में शामिल सभी मतदान केन्द्रों थुहा, घटेरा, डुंगरिया, बरबता, मोहला, मझगंवा, पोंडी (राजघाट) ककरहटा ,जटासी, खजरी, काटी, मिडकी एवं लुहारी में प्रारूप मतदाता सूची का वाचन भी किया गया तथा ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीन से ग्रामीणों को अवगत कराने मॉक पोल आयोजित किया गया सेक्टर-आठ की सेक्टर अधिकारी अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन ने बताया कि ग्रामीणों को 2 अगस्त से 31 अगस्त तक चलाये जा रहे मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई नागरिकों को बताया गया की 1 अक्टूबर -2023 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहा कोई भी व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में जुडवाने फार्म-6 भरकर अपने मतदान केंद्र के बीएलओ के पास जमा करवा सकता है या नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल अथवा वोटर हेल्प लाइन मोबाईल एप के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है इसके अतिरिक्त ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है या अन्य स्थान पर शिफ्ट हो चुके हैं फार्म -7 भरकर उनके नाम मतदाता सूचि से अलग करवाये जा सकते हैं । इसी प्रकार यदि मतदाता सूची में दर्ज प्रविष्टि में या वोटर आई डी कार्ड में कोई संशोधन होना है तो उसके लिए फॉर्म-8 भरकर आवश्यक दस्तावेज के साथ बीएलओ को आवेदन दिया जा सकता है अनुविभागीय अधिकारी कृषि डॉ त्रिपाठी ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि मतदान प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है एवं प्रत्येक मतदाता को मतदान कर अपने कर्त्तव्य का पालन करना चाहिए उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के पूर्व मतदाता सूची में नाम जुडवाने का यह अंतिम अवसर है इसके मद्देनजर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला कोई भी मतदाता इससे छूटना नहीं चाहिए।

# ग्रामवासियों ने अचलानंद जी की भव्य अगवानी कर लिया आशीर्वाद



**गोटेगांव, नरसिंहपुर, यशभारत।** ग्राम मुंगली स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में ब्रह्मचारी अचलानंद जी महाराज का आगमन होने पर ग्रामवासियों द्वारा भव्य अगवानी कर करने के उपरांत महाराजजी ने मंदिरजी में पूर्ण विधि- विधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरती वंदन करने के उपरांत ब्रह्मलीन परमपूज्य जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराजजी के शताब्दी जन्मोत्सव भक्ति भाव श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनाने के बारे में विस्तृत जानकारी देने के उपरांत ब्रह्मचारी अचलानंदजी महाराज सरपंच नीलेश तिवारी के निवास स्थान पर पहुंचे जहां पर परिवारजनों ने भव्यअगवानी कर स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद ग्रहण किया इस अवसर पर नवीन तिवारी कमलेश तिवारी शशि कुमार तिवारी सुमिततिवारी कृष्णचंद्र तिवारी प्रमोदतिवारी देवेंद्र कुशवाहा रामप्रसाद रावत उपसरपंच दीपक चढार जगमोहन ठाकुर अनुराग तिवारी अशोक तिवारी ओमप्रकाश तिवारी भोजराज पटेल रामजी पटेल दीपक सोनी महेश सोनी भगवान दास राय महेशराय रवि पटेल गोविंद तिवारी भूपेंद्र पटेल दिनेश शुक्ला सहित रामायण मंडल महिला मंडल सदस्य व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे

# श्री राम कथा महा रुद्राभिषेक का चल रहा भव्य आयोजन



**गाडरवारा, यश भारत।** गल्ला मंडी में श्री राम कथा महा रुद्राभिषेक के आयोजन में धर्म की अमृत वर्षा हो रही है धर्म प्रेमी जनता श्रद्धा भक्ति भाव के साथ इस भव्य धार्मिक आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर धर्म लाभ कमा रहे है सुबह से ही कथा पंडाल में हर-हर महादेव के जयकारों के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्य वेद मंत्र उच्चारण के साथ प्रारंभ हो जाता है पूरे कथा पंडाल में ओम नमः शिवाय ओम नमः शिवाय के साथ श्रद्धालु पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करते दिखाई देते हैं तत्पश्चात महा रुद्राभिषेक पूजा अर्चना के बाद आयोजन मंडल की टीम रुद्री विसर्जित करने निकल जाती है द्य
कथा स्थल के समीप प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन चल रहा है इसके पश्चात 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्री राम कथा प्रवचन प्रारंभ हो जाते हैं द्य श्री राम कथा के द्वितीय दिवस श्री चित्रकूट धाम के प्रमुख श्री श्री जगतगुरु रामानंदाचार्य कामधगिरि पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामस्वरूप आचार्य जी महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों पर नर्मदा मैया की असीम कृपा है मां नर्मदा के आंचल में कोई भूखा नहीं सो सकता द्य पुरुषोत्तम मास में श्री राम कथा रुद्री निर्माण रूद्र महा रुद्राभिषेक का धार्मिक महत्व बताते हुए तप के बारे में विस्तार से बताया । भारत विश्व बंधुत्व का प्रतीक है हिंदुओं का स्वर्णिम काल आ गया है हिंदू समाज को जागृत होना है हिंदुओं के स्वाभिमान सम्मान पर आज आएगी तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे, भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति का बहुत बड़ा योगदान है भारतीय संस्कृति की रक्षा भारत की नारी कर रही है शास्त्रों में नारी का सम्मान अनादि काल से है । महाराज जी ने धर्म मंच से आदेशित किया कि कथा श्रवण करने सोने चांदी के आभूषण पहनकर मत आया करो सादगी के साथ भक्ति भाव के साथ कथा का श्रवण करो । कथा श्रवण करने के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता एवं जनप्रतिनिधि भी पहुंच रहे हैं,जय-जय श्रीराम के उद्घोष के साथ कथा पंडाल कथा श्रवण करने वाले धर्म प्रेमीजनों से भरा रहता है।

# शिशु भारती में स्वतंत्रता की झलक प्रस्तुत कर किया गुणगान

**गोटेगांव, नरसिंहपुर, यशभारत।** स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित शिशु भारती प्राथमिक विभाग में भैया बहनों ने स्वतंत्रता की झलक प्रस्तुत कर अमृत महोत्सव में वीर बलदा नियोंकी गाथाओं का गुणगान किया तत्पश्चात भैया लकी ने तख्त चाहिए ताज चाहिए जयशिरवा निहालिका ने सलाम उन शहीदों को राधिका पटेल साथियों ने मेरे प्यारे वतन पर नृत्य प्रस्तुत किया अक्षतपटेल ने आजादी की लड़ाई में भाषण दिया वही ऋषिराज ने ना पूछो जमाने से रितिका लोधी मेरे प्यारे वतन समीक्षा पटेल प्यारा देश हमारा देश मान ब्राह्मण जहां डाल डाल पर छाया सेन तेरी मिट्टी में राशि साहू मछुआरे की कहानी संस्था आचार्य पूजा यादव ने स्वतंत्रता दिवस कैसे मनाया जाता है इस पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी कार्यक्रम का सफल संचालन अंजना दीक्षित द्वारा किया गया इस अवसर पर प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता संजय जैन किशोर शुक्ला सरदार पटेल माया कल्पना चौरसिया रागिनी रजक गीता लोधी रोशनीलोधी संगीता जैन सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं भैया बहन उपस्थित थे



## सरकार की अनदेखी से आक्रोशित सिहोरा जिला के लिए 16 से अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान

**सिहोरा,यशभारत।** सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर विगत 2 वर्ष से चल रहे आंदोलन पर सरकार के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार से संपूर्ण सिहोरा में आम नागरिक आक्रोशित हो उठा है। शुक्रवार को नगर के व्यापारियों प्रबुद्ध जनों और युवाओं ने एक बैठक का आयोजन किया और सिहोरा के सम्मान के लिए आर-पार की लड़ाई का संकल्प लिया अब आगामी 16 अगस्त से संपूर्ण सिहोरा खितौला को अनिश्चितकालीन रूप से बंद रखा जाएगा । सिहोरा वासी अब किसी भी स्थिति में जिला की मांग पूरी कराना चाहते है। इसके साथ ही सभी उपस्थित जनों ने यह संकल्प भी लिया कि आगामी 15 अगस्त को सिहोरा स्वाभिमान यात्रा का आयोजन नगर के प्रमुख सड़कों से करते हुए जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और इसके बाद 16 से संपूर्ण बंद की शुरुआत होगी।नाराज लोगो ने बैठक समाप्ति के बाद रात 9 बजे ही सिहोरा में एक रैली निकाल दी। इस बैठक में सिहोरा के नीतेश खरया,आनंद प्रकाश जैन,रमाशंकर चौरसिया,विजय जानवानी,कान्हा पांडे, सैंकी जैन,आशीष सोनी,ऋषभ दिवेदी,धीरज तिवारी,राजा दुबे,सौरभ सरावगी,एकता ठाकुर,संदीप ब्यौहार,प्रभात कुररिया,नीरज सोनी,संतोष पांडे,कमल किशोर गुप्ता,संचय ताम्रकार,अभिजीत पाठक,राहुल तिवारी,पवन उपाध्याय,विक्रम सोनी,अनुराग साहू सहित लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राजपत्रित अधिकारी संघ की बैठक संपन्न



**सिहोरा,यशभारत।** प्रदेश सरकार की उपेक्षाओं से आहत होकर सिहोरा में मध्य प्रदेश उच्च माध्यमिक शिक्षक राजपत्रित अधिकारी संघ की बैठक का आयोजन किया गया ! वर्तमान में प्रदेश में उच्च पद के प्रभार के संबंध में उच्च माध्यमिक शिक्षकों की उपेक्षा किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में हाई स्कूल प्राचार्य पद पर पदोन्नति अथवा उच्च पद के प्रभार में उच्च माध्यमिक शिक्षकों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व देने अथवा व्याख्याताओं के साथ समेकित वरिष्ठता सूची बना कर क्रमानुसार पदोन्नती,वरिष्टता में प्रथम नियुक्ति दिनांक/पदोन्नति दिनांक से व्याख्याताओ के साथ समेकित रूप में उच्च माध्यामिक शिक्षकों को रखा जावे आदि मांगों के लिए संघर्ष करने का प्रस्ताव पारित हुआ । 17 अगस्त को दोपहर 4 बजे एस.डी.एम सिहोरा के माध्यम से मुख्य मंत्री,शिक्षा मंत्री व प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा जायेगा । बैठक में प्रेम नारायण तिवारी,नरेंद्र खंपरिया,संदीप तिवारी,शैलेंद्र मिश्रा,अमित जैन,राघवेंद्र गर्ग,घनश्याम बर्मन,पी.एल.रैदास,दीपक गौतम,विनय कुमार मांझी, राकेश कुमार दाहिया,अशोक पटेल,संदीप सोनी, विष्णु पटेल आदि शामिल थे।

## विधायक ने किया सी सी रोड का भूमिपूजन रंगमंच का लोकार्पण

**सिहोरा,यशभारत।** 14 अगस्त तक प्रदेश में मनाये जा रहे मुख्यमंत्री विकास पर्व के अंतर्गत सिहोरा विधानसभा की जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत घुटना में विधायक नंदनी मरावी ने अनेक कार्यों के भूमिपूजन कर क्षेत्रीय जनो ग्राम वासियों को एक सौगात दी है।
घुटना ग्रांम पंचायत मे 5-5 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आदिवासी मोहल्ले से हनुमान मंदिर तक एंव मैंन रोड से बिनोद यादव के घर तरफ जाने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया। इसी तरह 2 लाख की लागत से बने भाटिया में बड़ा देव स्थान पर रंगमंच का लोकार्पण करने के साथ खेर माता मंदिर में दो लाख की लागत से बनने वाले एक और रंगमंच का भूमिपूजन किया। इस अवसर जिला पंचायत सदस्य मोनू पुष्पराज बघेल,सरपंच एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष के के दुबे, मंडल अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल, जनपद सदस्य चतुर बाई, उप सरपंच जागेश्वर साहू, बद्री प्रसाद दुबे, प्रकाश दुबे, रामकिशोर दुबे, विनोद यादव,रामविशाल,अनंत नौगरहिया,अनिल चौधरी,विजय साहू,बिहारी कोल, बाला साहूं, सचिव चंद्रभान बर्मन, बसंत कॉल, संदीप कोल संजय दुबे, दिनेश दुबे, पंच पंच उषा बाई,अंजलि,रीना, रेखा बाई ,इत्यादि समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## युवा दिवस के अवसर पर हुआ विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**बरगी, यशभारत।** युवा दिवस के अवसर पर बरगी विधानसभा के बड़ा देव ढाना पुराना पानी में मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के तत्वाधान एवं बरगी विधायक के सैयोजन में जिला स्तरीय विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया आयोजन स्थल में बड़ी संख्या में जबलपुर जिले के अलावा अन्य जिलों की भी टीमों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता के सभी मैच नोक आउट स्तर पर खेले गए क्षेत्रीय लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्शा कर खिलाड़ियों का भरपूर उत्साह वर्धन किया जिसमे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे वही प्रतियोगिता के सेमी फाइनल और फाइनल मैच विधायक संजय यादव के समक्ष खेले गए जिसमे पुरुष वर्ग की मेरेगांव की टीम ने रोमांचक मुकाबले में जमुनिया को हराकर ट्रॉफी एवं 7000 का नगद पुरस्कार अपने नाम किया वही महिला वर्ग में जमुनिया ने फाइनल मैच जीत कर ट्रॉफी अपने नाम की प्रतियोगिता उपरांत बरगी विधायक संजय यादव द्वारा मैच रैफरी एवं अन्य स्टाफ का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

सम्मेलन

पनागर विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

# केंद्र और राज्य की योजनाएं सभी तक पहुंचाए






**बरेला, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी का पनागर विधानसभा 101 का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ जिसमे भारतीय जनता पार्टी पनागर विधानसभा के सभी 7 मंडलों के बूथ के कार्यकर्ता को आगामी विधानसभा चुनाव में विजय का संकल्प लेते हुए केंद्र एवम राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचने की शपथ ली, जिसमे जबलपुर लोकसभा के लोकप्रिय सांसद राकेश सिंह जी, पनागर विधानसभा के यशश्वी विधायक सुशील तिवारी (इंदू भैया) मुख्य वक्ता श्रीमती अमिता चपरा जी, भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सुभाष तिवारी (रानू जी), डॉक्टर सुभाष तिवारी जी,प्रतीक दुबे जी, नरेंद्र त्रिपाठी, हर्ष तिवारी,मनोज यादव जी,अंकुर जैन,कुणाल पटेल,बिज्जू ठाकुर,अनिल पटेल,मोनू खरे, आनंद साहू ,अलका गर्ग,प्रहलाद पटेल,आशीष पटेल,खुशीलाल,संजय पटेल, संतोष सैनी,राम निवास गौतम,सोनू सोनकर,भानु नवेरिया,अर्पित जैन,प्रवेश पटेल दीपेश पटेल,चंदन पटेल,मैसी विश्वकर्मा,अजय रजक, शेलन्द्र साहू,विक्की पटेल,गणेश पटेल, आदि उपस्थित रहे।

# ध्वजारोहण के साथ पौधारोपण कर चलाया स्वच्छता अभियान



**गाडरवारा(यशभारत)** विगत दिवस ग्राम पंचायत सुपारी में मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के अंतर्गत ध्वजारोहण कर तालाब एवं मुक्तिधाम परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही ग्राम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया, इस अवसर पर ग्राम पंचायत सुपारी के सरपंच नीलेश शर्मा, उपयंत्री प्रवीण पांडे, सचिव लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, रोजगार सहायक सुरेश प्रजापति, बीएलओ सुलेखा पटेल, संतोष पटेल बृजेश पटेल अमित शर्मा रोहित पटेल दयाशंकर रजक विनीत मेहरा अशोक मेहरा आदि उपस्थित रहे ।

# लगातार दो जीतों के बाद भी बदलेगी टीम इंडिया की प्लेइंग 11, पांचवें टी20 में उतरेंगे ये खिलाड़ी

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को 5 मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मुकाबले में 9 विकेट से मात दी। इसी के साथ सीरीज 2-2 से बराबरी पर पहुंच चुकी है। अब नजरें 5वें टी20 पर हैं जोकि बिना किसी ब्रेक के आज यानी कि रविवार को खेला जाना है। ऐसे में देखना खास रहेगा कि मैनेजमेंट प्लेइंग 11 में किन खिलाड़ियों को मौका देती है।



### गिल-जासवाल की जोड़ी करेगी ओपन

5वें टी20 में एक बार फिर पारी की शुरुआत करने शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल करेंगे। गिल (77) और जायसवाल (84*) की जोड़ी ने वेस्टइंडीज को चौथे टी20 में जमकर धोया। ऐसे में ईशान किशन की वापसी टीम में काफी मुश्किल है। वहीं नंबर 3 पर टीम इंडिया के बेस्ट टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव उतरेंगे।

### मिडिल ऑर्डर में होंगे ये खिलाड़ी

नंबर 4 पर तिलक वर्मा उतरेंगे। तिलक ने इस पूरी सीरीज में कमाल की बल्लेबाजी की है। वहीं इसके बाद कप्तान हार्दिक पांड्या और संजू सैमसन का नंबर आता है। सैमसन टीम के विकेटकीपर भी हैं। वहीं अक्षर पटेल के तौर पर टीम के पास एक स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर भी है।

### टीम में होंगे ये 4 गेंदबाज

पांचवें मैच में एक बार फिर युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी मैदान पर उतरेगी। वहीं अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार टीम के दो मुख्य तेज गेंदबाज होंगे। उम्मीद यही कि पिछले दो मुकाबलों में जिन खिलाड़ियों के साथ टीम इंडिया ने जीत हासिल की है वही आखिरी मैच में भी उतरेंगे और प्लेइंग 11 में बदलाव का चांस काफी कम है।

### पांचवें टी20 के लिए संभावित प्लेइंग 11

यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार।

# आकाश चौपड़ा की मानें तो संजू सैमसन का एशिया कप से कट सकता है पत्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आकाश चौपड़ा की मानें तो संजू सैमसन का एशिया कप से पत्ता कट सकता है। हालांकि टीम इंडिया में कुछ प्लेयर्स खुद को साबित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। लेकिन एशिया कप और वर्ल्ड कप के लिहाज से इन प्लेयर्स के पास काफी लिमिटेड मौके हैं। इस लिस्ट में संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव जैसे प्लेयर्स का नाम है। बता दें कि संजू सैमसन लंबे समय से मौके के लिए तरस रहे थे। उन्हें वनडे सीरीज में 2 मैच में खेलने के मौका मिला जिसमें एक मैच में उन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी को अंजाम दिया। इसके बावजूद आकाश चोपड़ा ने एशिया कप में उनकी मौजूदगी को लेकर शंका जाहिर की है। अंतिम वनडे में संजू के बल्ले से अर्धशतक देखने के बाद उम्मीद थी कि वह यह फॉर्म टी20 सीरीज में जारी रखेंगे। लेकिन संजू सैमसन तीनों टी20 में फ्लॉप साबित हुए। जिसके बाद इन मौकों को लेकर संजू सवालिया निशान बन चुके हैं। वहीं आकाश चोपड़ा ने एशिया कप को लेकर कहा कि यदि केएल राहुल मौजूद रहते हैं तो मैं वर्ल्ड कप और एशिया कप में उनकी मौजूदगी को नहीं देखता। इस तरह से आकाश चोपड़ा का सीधा



निशाना संजू सैमसन की टी20 फॉर्म को लेकर नजर आ रही है। संजू सैमसन का सीधा मुकाबला अब ईशान किशन से नजर आता है। ईशान ने वनडे सीरीज में लगातार 3 अर्धशतक ठोककर सभी का ध्यान खींचा है। ऐसे में विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन के स्थान पर ईशान किशन की जगह पक्की नजर आती है। सलामी बल्लेबाज के तौर पर शुभमन गिल और रोहित शर्मा पारी की शुरुआत करेंगे। केएल राहुल और ईशान किशन मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। हालां कि सूर्यकुमार यादव भी टी20 में ठीकठाक प्रदर्शन करने वाले रहे है।

# 'बाबर मुझसे बातचीत करना चाहता था', विराट कोहली ने आजम को लेकर कही चौंकाने वाली बात

**मुंबई, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान चिर प्रतिद्वंदी होने के साथ-साथ क्रिकेट की दुनिया के दो सबसे सफल टीमों में से एक है। दोनों ही टीमों ने दुनिया को कई बड़े खिलाड़ी दिए हैं। मौजूदा दौर में भारत के पास विराट कोहली जैसे बल्लेबाज हैं। वहीं पाकिस्तान के पास बाबर आजम। विराट कोहली इस वक्त दुनिया के सबसे बड़े बल्लेबाज हैं। वहीं बाबर की आईसीसी रैंकिंग काफी अच्छी है। इसी बीच भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बाबर आजम को सभी फॉर्मेट में दुनिया के सबसे बेस्ट बल्लेबाजों में से एक बताया है।




### विराट कोहली ने की बाबर की तारीफ

कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में अपनी प्रशंसा व्यक्त की और पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। कोहली ने इंटरव्यू में याद करते हुए कहा कि उनसे (बाबर) मेरी पहली बातचीत साल 2019 के वनडे वर्ल्ड के दौरान मैनचेस्टर में खेल के बाद हुई थी। मैं इमाद वसीम को अंडर-19 वर्ल्ड कप के बाद से जानता हूं और उन्होंने कहा कि बाबर बातचीत करना चाहता है।

### क्या बोले कोहली

कोहली ने कहा कि हम बैठे और खेल के बारे में बात की। मैंने पहले दिन से ही उनमें बहुत सम्मान और आदर देखा और इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। इस फैक्ट के बावजूद कि वह शायद सभी फॉर्मेट में दुनिया के टॉप बल्लेबाज हैं, और यह सही भी है। कोहली ने आगे कहा कि वह लगातार अच्छा प्रदर्शन करते है और मैंने उन्हें खेलते हुए देखना हमेशा पसंद किया है। बाबर वर्तमान में 886 रेटिंग अंकों के साथ आईसीसी की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप रैंक (पहले स्थान) वाले खिलाड़ी हैं। वहीं, कोहली 705 रेटिंग अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं। पाकिस्तान का यह बल्लेबाज टी20 इंटरनेशनल और टेस्ट रैंकिंग में भी टॉप पांच में है, जो एक ऑल-फॉर्मेट सुपरस्टार के रूप में उनकी स्थिति को दर्शाता है। वह आईसीसी की रैंकिंग में सभी फॉर्मेट में टॉप पांच में स्थान पाने वाले दुनिया एकमात्र खिलाड़ी हैं। भारत और पाकिस्तान 2 सितंबर को एशिया कप के ग्रुप चरण के दौरान कैंडी में आमने-सामने होंगे। इसके अलावा, 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में भी दोनों टीमों के बीच महामुकाबला खेला जाएगा। इस दौरान ये दोनों खिलाड़ी एक साथ मैदान पर नजर आएंगे।

# रोमांचक मुकाबले में भारत ने मलेशिया को पराजित कर जीती एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

**मुंबई, एजेंसी।** एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 भारत में खेली गई। इस टूर्नामेंट के फाइनल में टीम इंडिया ने मलेशिया को 4-3 से हार दिया। इस रोमांचक मुकाबले में एक पल ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम ये खिताब नहीं जीत पाएगी, लेकिन अंतिम के दो क्वार्टर में टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को ये खिताब जीतने में मदद की। आपको बता दें कि भारत ने अब कुल मिलाकर चार बार इस खिताब को जीत लिया है। टीम इंडिया इस खिताब को सबसे ज्यादा बार हासिल करने वाली टीम बन गई है।



### टीम इंडिया ने पाकिस्तान को पछाड़ा

भारतीय टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का खिताब जीतकर पाकिस्तान की टीम को पछाड़ दिया है। इससे पहले पाकिस्तान और भारत दोनों टीमों ने इस खिताब को तीन-तीन बार जीता था, लेकिन टीम इंडिया अब पाकिस्तान की टीम से एक कदम आगे निकल गई है। भारतीय हॉकी टीम ने साल 2011, 2016, 2018 और 2023 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। आइए एक नजर डालें कि एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में अब तक किन-किन टीमों ने ये खिताब जीता है।

### इन टीमों ने जीता एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत साल 2011 में हुई थी। इस टूर्नामेंट के पहले सीरीज को भारतीय हॉकी टीम ने जीता था। फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने पाकिस्तान की टीम को पेनल्टी शूटआउट ने 4-2 से हराया था। टूर्नामेंट के दूसरे सीजन साल 2012 में खेला गया। इस सीजन का फाइनल पाकिस्तान टीम ने जीता। उन्होंने फाइनल में टीम इंडिया को 5-4 के अंतर से हराया था। साल 2013 में पाकिस्तान टीम ने एक बार फिर से इस खिताब को जीता। इसके बाद एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का चौथा सीजन साल 2016 में खेला गया। जिसे टीम इंडिया ने जीता था। भारत ने इस साल फाइनल में पाकिस्तान टीम को ही हराया था। टूर्नामेंट का 5वां सीजन साल 2018 में खेला गया था। इस सीरीज भारत और पाकिस्तान दोनों ही टीमें चैंपियन बनी थी, क्योंकि फाइनल बारिश के कारण नहीं खेला जा सका था। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब साल 2018 तक सिर्फ भारत और पाकिस्तान की टीम ने ही जीता था। लेकिन साल 2021 के एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब साउथ कोरिया की टीम ने जीता। उन्होंने फाइनल में जापान की टीम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। ये पहली बार था जब भारत और पाकिस्तान के अलावा किसी टीम ने फाइनल का खिताब जीता था। वहीं एशियन चैंपियंस ट्रॉफी इस साल पहली बार भारत में खेला गया। उसे टीम इंडिया ने जीता। जहां उन्होंने फाइनल में मलेशिया को हराया। ऐसे में सात एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में से चार भारत, तीन पाकिस्तान और एक साउथ कोरिया ने जीता है।

## रंग संसार

# सनी देओल को फैमिली से मिला सरप्राइज, पापा धर्मेंद्र ने पहली पत्नी संग देखी फिल्म, नहीं नजर आई एक्टर की पत्नी

**नई दिल्ली,ईएमएस। सनी देओल की गदर 2 का फैंस को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म आज रिलीज हो गई है। फिल्म रिलीज से पहले ही लोगों ने अपनी टिकट बुक कर ली थीं। भारी संख्या में लोग फिल्म देखने पहुंच रहे हैं। तारा सिंह और सकीना की आगे की कहानी गदर 2 में दिखाई जा रही है।**

फिल्म कैसी है इसका अंदाजा पहले दिन ग्रैंड ओपनिंग से लगाया जा सकता है। फिल्म को लोगों का धमाकेदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। बीते दिन ही सनी देओल ने फिल्म की स्क्रीनिंग रखी थी। इस मौके पर बॉलीवुड सेलेब्स के अलावा सनी देओल को उनके परिवार ने भी सरप्राइज दिया। भाई से लेकर मम्मी-पापा ने फिल्म देखी।



### धर्मेंद्र और प्रकाश कौर ने देखी फिल्म

सनी देओल की गदर 2 देखने पापा धर्मेंद्र अपनी पहली पत्नी प्रकाश कौर के साथ पहुंचे थे। धर्नेंद्र जी ऑल ब्लैक आउटफिट में काफी कूल अंदाज में नजर आए, वहीं उनकी मां भी सादगी भरे अंदाज में सूट पहने नजर आईं। इस मौके पर सनी के मम्मी-पापा के साथ ही भाई बॉबी देओल भी अपनी पत्नी तान्या के साथ पहुंचे थे। उन्होंने भी फिल्म देखी। पूरा देओल परिवार काफी खुश नजर आया।

### नहीं दिखीं सनी देओल की पत्नी पूजा

इस मौके पर कमी थी तो सनी देओल की पत्नी पूजा देओल की। वो इस मौके पर नजर नहीं आईं। वैसे वो काफी प्राइवेट पर्सन हैं और ऐसी गैदरिंग से ज्यादातर दूर ही रहती हैं। बेटे करण देओल की शादी में भी वो मीडिया और लाइमलाइट से दूर ही नजर आई थीं। वैसे कुछ भी कहें, लेकिन देओल परिवार हमेशा एकजुट नजर आता है। फिर चाहे वो करण की शादी का वक्त रहा हो या फिर सनी देओल की फिल्म रिलीज का।

# ये हैं गुम है किसी के प्यार में की संस्कारी बहू पाखी, बीच से दिखाई दिलकश अदाएं!

**मुंबई, ईएमएस।** पत्रलेखा, विराट और सवि के लव ट्राइएंगल से शुरु हुआ टीवी शो गुम है किसी के प्यार में का पहला सीनज खत्म होकर दूसरा सीजन शुरू हो गया है। इस शो के पहले सीजन ने खूब प्यार पाया यह टीआरपी लिस्ट में लगातार टॉप 3 में ही शुमार रहा। वहीं अब 20 साल के लंबे लीप के बाद नई कास्ट के साथ शो के दूसरे सीजन की शुरुआत हुई है। इसके बाद भी पुरानी कास्ट को फैंस का प्यार मिल रहा है और ये आए दिन चर्चा में बने रहते हैं। शो में वैंप का किरदार निभाने वाली ऐश्वर्या शर्मा शो छोड़ने के बाद से सबसे ज्यादा सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस ने अपनी छुट्टियों की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिसे देखने के बाद आप देखते ही रह जाएंगे।



### अलग अंदाज में नजर आई ऐश्वर्या

ऐश्वर्या शर्मा अपने पति नील भट्ट के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। वो लगातार अपनी इस बीच वेकेशन की तस्वीरें पोस्ट कर रही हैं। उनका कूल अंदाज लोगों को कम ही देखने को मिलता था। एक्ट्रेस टीवी की संस्कारी बहू बनी पर्दे पर नजर आती थीं, लेकिन शो छोड़ने के बाद से ही उनका हाव-भाव बदल गया है। उनका नया अंदाज भी लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

### एक्ट्रेस का दिखा कूल लुक

हालिया पोस्ट में ऐश्वर्या शर्मा ने व्हाइट ड्रेस में अपनी तस्वीरें पोस्ट की हैं। वो इन तस्वीरों में कमाल की लग रही हैं। वो समुद्र किनारे खड़ी बैकलेस ड्रेस में पोज दे रही हैं। वहीं उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें वो अपने पति के साथ ट्विनिंग करती दिख रही हैं। एक्ट्रेस और उनके पति रजनीकांत और तमन्ना भाटिया की फिल्म जेलर के गाने पर थिरकते नजर आ रहे हैं। दोनों का डांस काफी मजेदार लग रहा है

### इस शो में आ रहीं नजर

आपको बता दें कि ऐश्वर्या शर्मा रोहित शेट्टी के स्टंट रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 का शूट खत्म कर चुकी हैं। शो अब टीवी पर प्रसारित हो रहा है। शो कलर्स टीवी पर दिखाया जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो ऐश्वर्या अंत तक शो का हिस्सा बनी रही हैं। हालांकि अब तक यह हिंट सामने नहीं आ सका है कि इस बार शो के फाइनल तक कौन से दो कंटेस्टेंट पहुंचे। वहीं एश्वर्या हाल में गुम है किसी के प्यार में में आए लीप पर भी टिप्पणी करने की वजह से चर्चा में आ गई थीं। एक्ट्रेस ने शो का मजाक उड़ाते हुए कहा था कि शो का ट्रैक पहले जैसा ही है और इसमें कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है।

# शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने भीख मांग रही महिला के साथ किया कुछ ऐसा, जिसकी हर तरफ हो रही चर्चा

**मुंबई, एजेंसी।** शाहरुख खान और गौरी खान की लाडली सुहाना खान ने भले ही अभी बॉलीवुड में कदम नहीं रखा है,लेकिन वो हमेशा ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। आए दिन सुहाना की तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते है। शाहरुख की लाडली कभी किसी पार्टी या इवेंट में अपने लुक से सुर्खियां बटोरती नजर आती हैं तो कभी सोशल मीडिया पर अपनी हॉट तस्वीरें शेयर कर चर्चा में छाई रहती हैं।

### अपने लुक से खींचा लोगों का ध्यान

इसी बीच सुहाना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है , जिसमें वो कुछ ऐसा करती नजर आ रही हैं जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। दरअसल, सुहाना बीती रात अपनी मां गौरी खान के साथ एक बुक लॉन्च इवेंट इंवेट में पहुंची थीं। इस दौरान वो सैटिन ब्लैक कलर की वनपीस ड्रेस में काफी हॉट नजर आ रही हैं। सुहाना का जो विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वो इवेंट से वापस लौटने के दौरान की है। सुहाना इंवेट से बाहर निकलकर अपनी कार की ओर जाती है उनके पास एक गरीब महिला पैसे मांगने के लिए पहुंच जाती है। ऐसे में गरीब महिला को रोता बिलखता देख किंग खान की बेटी का दिल पिघल जाता है और वह फौरन उसे 500 रुपये के दो नोट निकाल कर दे देती हैं। सुहाना के पैसे देने के बाद वो महिला खुशी से झूम उठती हैं जिसे देख सुहाना के चेहरे पर भी स्माइल आ जाती है। सुहाना के इस विडियो को देखने के बाद फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

### द आर्चीज़ में जल्द आएंगी नजर

बता दें कि सुहाना खान द आर्चीज़ के साथ अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में उनके साथ खुशी कपूर, अमिताभ बच्चन के पोते अगस्त्य नंदा,मिहिर आहूजा, वेदांग रैना और युवराज मेंदा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।






## » न्यूज गैलरी

### बस से गिरी महिला की मौत

जबलपुर, यशभारत। संजीवनीनगर थाना अतंर्गत जीआरपी कालोनी घमापुर में बस से गिर जाने के कारण एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पता जीआरपी कालोनी घमापुर निवासी 30 वर्षीय पुष्पलता सिंह सैयाम को सड़क दुर्घटना बस से गिर जाने के कारण सिर में आई चोट होने से इलाज के लिए बुधोलिया अस्पताल संजीवनीनगर में भर्ती कराया गया था जहां उपचार दौरान शनिवार की सुबह लगभग 4 बजे पुष्पलता सिंह सैयाम की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### युवक फांसी पर लटका

जबलपुर,यशभारत। अधारताल थाना अतंर्गत नेता कालोनी सब्जी मंडी देशी कलारी के पास अपनी दुकान में फांसी लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेता कालोनी सब्जी मंडी के पीछे अधारताल निवासी 42 वर्षीय परमलाल अहिरवार ने सब्जी मंडी देशी कालारी के पास अपनी दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था, जिसे उपचार के लिए बेटे सूरज अहिरवार द्वारा विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां दोपहर लगभग 1.15 बजे डॉक्टर ने चैक कर परमलाल अहिरवार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

जबलपुर, यशभारत। पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ लगातार दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 साल के कठोर कारावास और कुल 2 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक गत 7 अप्रैल 2022 को बरेला थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर आरोपी ने बहला फुसलाकर कई बार नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी नाबालिग से शादी करने तैयार था इसी वजह से नाबालिग चार महीनें पहले से उसके घर में रहने लगी थी। बाद में आरोपी शादी से मुकर गया। उसके बाद नाबालिग ने अपनी माँ के साथ जाकर बरेला पुलिस थाने में एफआईआर लिखवाई। पुलिस ने धारा 376, 376 (2) (एन), 376 (3), 506 व 3, 4, 5, 6 के अधीन अपराध पंजीबद्ध कर मामलें को विवेचना में लिया। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक रूकसार बानो द्वारा की गई। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विचारार्थ न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती स्मृतिलता बरकडे द्वारा उक्त मामले में सशक्त पैरवी की गई।

### श्रीमती सोमबाई अहिरवार का निधन



जबलपुर। महाराजपुर निवासी बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार की माता जी श्रीमती सोमबाई अहिरवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार महाराजपुर मुक्तिधाम में किया गया।

## फर्म ने की पांच करोड़ की हेराफेरी, आईटीसी हुई ब्लॉक....

# रहवासी क्षेत्र में सीयू एनर्जी फर्म ने कैसे खोल लिया स्थायी आफिस!

**जबलपुर, यश भारत। सोलर उपकरणों का कारोबार करने वाली फर्म सीयू एनर्जीस लिमिटेड ने माल बिक्री में करोड़ों की हेराफेरी की। जिस पर जीएसटी की एंटी इवेजर टीम ने शिकंजा कस दिया है। आईटीसी ब्लॉक कर दी गई है। इसके अलावा अपनी बिजली फर्म ने टैक्स एवं पेनाल्टी की राशि करीब ढाई लाख रूपए सरेंडर कर दिए है। वहीं दूसरी तरफ फर्म के रहवासी क्षेत्र में स्थायी आफिस खुलने पर सवाल खड़े हो रहे हैं**



डिप्टी कमिश्नर स्टेट जीएसटी आर. के. ठाकुर ने बताया कि सोलर पैनल, इन्वर्टर और इलेक्ट्रिक मीटर का कारोबार करने वाली फर्म सीयू एनर्जी के दो ठिकानों में पर कार्रवाई की गई। फर्म के एमडी विशाल दुबे है। साथ ही केएन शिवानी श्रीवास्तव, उमा दुबे और शिल्पा दुबे डॉयरेक्टर है। सीटीओ वदना सिन्हा, वैष्णवी पटैल, एसटीओ सत्यपति राव, डीएस अहिरवार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। सीयू एनर्जी के साथ कारोबार करने वाली सहायक फर्म अपनी बिजली के यहां भी कार्रवाई चली। इस फर्म की प्रोपराइटर नंदनी दुबे है। फर्म से टैक्स एवं पेनाल्टी के ढाई लाख रूपए जमा करवा लिए गए है। जबकि सीयू एनर्जी द्वारा खरीदी-बिक्री में तीन से चार लाख रूपए की हेराफेरी की गई जिसने राशि सरेंडर नहीं की।

### खरीदी-बिक्री से जुड़े

दस्तावेज जब्त कार्रवाई के दौरान फर्मों से खरीदी और बिक्री से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज जप्त किए गए है। सूत्रों की माने तो कारोबारियों ने सोलर पैनल और मीटर बेचने के लिए फर्जी कंपनी बनाई और राज्य-केंद्र सरकार से करोड़ों की सब्सिडी ले ली।

### फर्जी बिलों के जरिए कारोबार

कंपनी ने फर्जी बिलों के जरिए खरीदी और बिक्री की है। कंपनी ने करोड़ों का कारोबार किया है लेकिन उस हिसाब से स्टॉक नहीं मिला है। सोलर पैनल और मीटर बेचने वाले फर्म के विजय नगर शताब्दीपुरम, सुखसागर ब्लू नर्मदा रोड और कटंगा स्थित ठिकानों में कार्रवाई चली।

> लगभग 5 करोड की भारी अनियमितताएं फर्म के बिलों में पाई गई है फर्म का रहवासी क्षेत्र में होना जिसको लेकर व्यापारी से पूछताछ जारी है और 16 अगस्त को फर्म के व्यापारी को सम्मन दिया गया है।
>
> **आर. के. ठाकुर**
> **डिप्टी कमिश्नर ,स्टेट जीएसटी**

# किराये पर लेकर हड़प गया ई-रिक्शा

जबलपुर, यश भारत। सिविल लाईन थाना अतंर्गत मदार छल्ला हनुमानताल में किराए से चलाने के लिए ई-रिक्शा लेकर वापस न करने वालें आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ा मदार छल्ला हनुमानताल निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद नफीज अंसारी का ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 1179 उसकी माँ शहीदा बेगम के नाम पर आरटीओ में दर्ज है। ई-रिक्शा उसने ड्राईवर कंजा उर्फ मोह.असर को 450 रुपए प्रतिदिन किराए से चलाने को दिया था। गत दिवस जरुरत पड़ने पर कंजा उर्फ मोह असरफ से अपना ई-रिक्शा मांगा तो बहाने बनाकर आनाकानी करने लगा। कंजा उर्फ मोह. असरफ ई रिक्शा मांग कर ले जाकर जानबूझकर विश्वास का आपराधिक न्यास भंग कर उसका ई रिक्शा वापस नहीं कर रहा है।






# सड़क किनारे जमे पान के टपरे-ठेले हटाए गए

## बस स्टेंड के पास अतिक्रमण दस्ते की कार्रवाई

जबलपुर,यशभारत। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के द्वारा रविवार को बस स्टेंड के पास दानागोदाम स्थान में जमे अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण अधिकारी सागर बोरकर ने बताया कि बस स्टेंड के पास दानागोदाम क्षेत्र में ठेले वालों के बीच कब्जे को लेकर रात को विवाद की शिकायतें मिल रहीं थीं जिसके बाद रविवार सुबह नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने दानागोदाम स्थान में पान के टपरे, ठेले हटाए। इस मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# मप्र हाई कोर्ट आएंगे तीन नए न्यायाधीश, 36 हो जाएगी जजों की संख्या




जबलपुर,। देश के अलग-अलग हाई कोर्ट से तीन न्यायाधीश स्थानांतरित होकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट आएंगे। विगत दिवस सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने देश के अलग-अलग हाई कोर्ट से 23 जजों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। इनमें से आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के जज दुप्पाला वेंकट रमना, इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस राजेन्द्र कुमार चतुर्थ और पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस राज मोहन सिंह का स्थानांतरण मप्र हाईकोर्ट में करने की अनुशंसा की गई है। शीघ्र ही राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अधिसूचना जारी की जाएगी।

### खाली हैं जजों को 20 पद

उल्लेखनीय है कि मप्र हाई कोर्ट में कुल 53 स्वीकृत पद हैं। वर्तमान में 33 न्यायाधीश कार्यरत हैं, जबकि 20 पद खाली हैं। तीन नए जज आने के बाद कार्यरत जजों की संख्या बढ़कर 36 हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि मप्र हाई कोर्ट में 53 जजों के पद स्वीकृत किए गए थे जो कि प्रदेश की आबादी बढ़ने के साथ-साथ अब इनकी संख्या 63 हो गई हैं। अब तक सभी पद नहीं भरे जाने से हाई कोर्ट में भी लंबित प्रकरणों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है। विगत वर्ष तक लगभग चार लाख से अधिक लंबित प्रकरणों की संख्या पहुंच गई थी। इससे लंबित मामलों का निराकरण समय पर नहीं हो पाता है।













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )